आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in



हिमाचल में भारी बर्फबारी से गिरा तापमान

● वर्ष- 15 अंक 296- ● जबलपुर ● गुरुवार, 2 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# ओमिक्रॉन से युवाओं को ज्यादा खतरा !

**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन ने एक बार फिर दुनिया में सनसनी फैला दी है। 20 से अधिक देशों में इसके मामले पाए जाने की पुष्टि हुई है। इस नए वेरिएंट के मामले में दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों का कहना है कि ओमिक्रॉन कितना घातक है और इसका लोगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा फिलहाल यह कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए वैरिएंट ने अब तक ज्यादातर युवा लोगों को प्रभावित किया है। वैज्ञानिकों ने यह भी चेतावनी दी है कि अभी यह निर्धारित करना जल्दबाजी होगी कि ओमिक्रॉन केवल हल्की बीमारी का कारण बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि हम इसके बारे में और अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। दो से तीन हफ्तों के बाद ही हम इसके बारे में अधिक जान पाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज भर्ती हुए हैं और ये सभी युवा हैं, जिनकी आयु 40 या इससे कम है। उधर, एनआईसीडी में सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी और प्रतिक्रिया के प्रमुख मिशेल ग्रोम का कहना है कि कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का शिकार ज्यादातर कम उम्र के लोग हुए हैं। मगर हम वृद्धावस्था समूहों में भी इसकी पड़ताल करना शुरू कर चुके हैं। इससे पहले नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कम्युनिकेबल डिजीज ने कहा था कि पिछले 24 घंटों में



दक्षिण अफ्रीका में नए मामलों की दैनिक संख्या लगभग दोगुनी होकर 8,561 हो गई है। ओमिक्रॉन अब तक देश में प्रमुख स्ट्रेन है। दक्षिण अफ्रीकी सरकार और वैज्ञानिकों ने 25 नवंबर को कोरोना के नए वैरिएंट की घोषणा की थी। इसके बाद डब्ल्यूएचओ ने इसे ओमिक्रॉन का नाम दिया था। नए वेरिएंट का पता लगने के बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ, कनाडा, इस्राइल, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों ने कई दक्षिण अफ्रीकी देशों से यात्रा पर रोक लगा दी थी। वहीं, कुछ देशों ने दक्षिण अफ्रीका से आने वाली उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### अमेरिका में वैक्सीन ले चुके शख्स में मिला ओमिक्रोन, दुनिया के 25 देशों में पहुंचा वायरस

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का खौफ बढ़ता जा रहा है। ताजा खबर यह है कि यह वायरस अब 25 देशों में फैल गया है। नए मामले अमेरिका और यूएई में पाए गए हैं। अमेरिका में जिस शख्स में पाया गया है, उसे वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। दक्षिणी अफ्रीकी देशों से भारत लौटे 6 यात्रियों में कोरोना संक्रमण पाया गया है। जांच की जा रही है कि कहीं इनमें ओमिक्रोम तो नहीं है।

#### भारत ने कर रखे हैं उपाय

कोरोना महामारी और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन के खतरों के बीच लोकसभा में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी जवाब देंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में बताया कि कोरोना महामारी के नए वैरिएंट ओमिक्रोन की रोकथाम को लेकर सरकार ने क्या उपाय किए हैं।

## फटाफट खबरें



### सेंधवा में गोली मारकर कपास व्यापारी की हत्या

**सेंधवा।** सेंधवा शहर निवासी युवा कपास व्यापारी और कालोनाइजर की सिर में गोली लगने से मौत मामले में पुलिस ने हत्या सहित साक्ष्य छुपाने के मामले में 9 आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गोपाल जाधव, तनिष्क यादव, बबलू प्रजापति, आदित्य शर्मा, राज पाटिल, करण चौहान, अभिषेक यादव, गोकुल सोनोने, और भय्या उर्फ गोली के विरुद्ध बुधवार देर रात मामला दर्ज किया है। सभी आरोपितों की तलाश की जा रही है। फिलहाल व्यापारी को गोली कैसे और कहां लगी इसकी पड़ताल की जा रही है।

### एमपी पीएससी ने जारी किया कैलेंडर, अटके रिजल्ट दिसंबर में आएंगे

**इंदौर।** महीनों से अटके मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) के रिजल्ट दिसंबर में जारी होंगे। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने नया कैलेंडर जारी करते हुए यह घोषणा की है। पीएससी के पूर्व घोषित कैलेंडर कागजी साबित हुए थे क्योंकि ओबीसी आरक्षण पर विवाद न्यायालय में लंबित है। साल 2019 की राज्य सेवा और वन सेवा की मुख्य परीक्षा के साथ वर्ष 2020 की राज्य सेवा और राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट अब तक घोषित नहीं हो सके हैं। मुख्य परीक्षाएं मार्च में हुई थीं। प्रारंभिक परीक्षा जुलाई में हुई थी। दरअसल इन परीक्षाओं में राज्य सरकार ने आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया है।

### ग्वालियर में तड़के जिम संचालक की गोली मारकर हत्या

**ग्वालियर।** गुरुवार सुबह बहोड़ापुर क्षेत्र के आनंद नगर में तड़के ही जिम संचालक की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपितों ने जिम संचालक को 5 गोलियां मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से लेकर अभी तक पुलिस चुप्पी साधे हुए है। शव को पीएम हाउस ले जाया गया है।

### पति से अवैध संबंध के चलते बहन की कर दी हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए मृतक लड़की की बड़ी बहन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। 29 सितंबर को राजधानी की खम्हारडीह पुलिस के पास सूचना मिली थी कि जब्बार नाले के नीचे एक महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। पहले तो पुलिस को भी यह मामला समझ से अलग लग रहा था, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस मामले के तह में गई उस पर से धीरे-धीरे पर्दा उठने लगा।

### कांग्रेस नेता के खिलाफ भाजपा विधायक की हत्या की साजिश रचने के आरोप

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के नेता गोपालकृष्ण द्वारा कथित तौर पर भाजपा नेता विश्वनाथ की हत्या की साजिश रचने के आरोप सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अब कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। पुलिस आयुक्त पहले ही कह चुके हैं कि प्राथमिक जांच की जाएगी।

## जहरीली हवा में स्कूल क्यों खोले



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। सर्वोच्च अदालत ने सख्त लहजे में पूछा कि आखिर प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? कोर्ट की नजर में प्रदूषण रोकने के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। वहीं केजरीवाल सरकार को भी फटकार लगाते हुए पूछा कि जब दिल्ली की हवा जहरीली है तो स्कूल क्यों खोल दिए गए? दिल्ली में प्रदूषण का स्तर त्त्क्ष्ठ 500 से ऊपर चले गए। केजरीवाल सरकार के उपायों पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। जो लोग प्रदूषण रोकने के अभियान के तहत सिग्नल पर बैनर पोस्टर लेकर खड़े हैं, उन पर भी जजों ने टिप्पणी की। पूछा कि उनकी सेहत को लेकर सरकार चिंतित क्यों नहीं है। इस पर केजरीवाल सरकार की ओर से हास्यास्पद दलील दी गई है कि वो तो सिविल डिफेंस के लोग हैं। इस पर तीन जजों की बैंच ने कहा कि वो भी आखिर हैं तो इन्सान। स्कूल खोले जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि जब कर्मचारियों के लिए वर्क फ्राम होम किया जा सकता है तो ऐसे में बच्चों के स्कूल कैसे खोले जा सकते हैं।

### राज्यसभा में सांसदों ने की जोरदार नारेबाजी

## किसानों की मौत और बढ़ती महंगाई पर हंगामा


**नई दिल्ली।** विपक्ष के 12 सांसदों के निलंबन के मुद्दे को लेकर शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भी राज्यसभा में हंगामे के आसार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने रुख पर कायम हैं। निलंबित सांसद जहां संसद परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं वहीं सत्ता पक्ष इनके अशोभनीय आचरण के लिए माफी की मांग कर रहा है। उधर संसद में गतिरोध को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन संसद में शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक भी की थी।



किसानों की मौत और बढ़ती महंगाई पर सांसदों की नारेबाजी राज्यसभा में किसानों की मौत और बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष द्वारा संसद में प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि गांधी की प्रतिमा के नीचे अगर वे धरना दे रहे हैं तो कुछ सद्बुद्धि आ सकती है। आपको संसद की चर्चा, बहस और फैसलों में भागेदारी करनी चाहिए। यही लोकतांत्रिक मर्यादा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दिल्ली में राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों के निलंबन के विरोध में विपक्षी नेताओं के विरोध में शामिल हुए। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि हर चीज को क्रोनोलॉजी में देखना चाहिए। क्या क्रोनोलॉजी है, किसान बिल आया तो चर्चा क्यों नहीं कराई गई। हंगामा क्यों हुआ, हंगामा इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा चर्चा नहीं कराना चाहती थी। क्या ये हमारा अधिकार नहीं था। मौजूदा सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

## मथुरा की तैयारी है...

### डिप्टी सीएम के ट्विट पर



**लखनऊ।** बुधवार को एक ट्वीट कर यूपी की राजनीति में हलचल बढ़ाने के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि हम मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। ये भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा नहीं है। बुधवार के ट्वीट पर उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अयोध्या में श्रीराम के भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर कार्य प्रगति पर है और अब हम मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा के लिए ये चुनावी मुद्दे नहीं हैं। डिप्टी सीएम ने बुधवार को ट्वीट किया था कि अयोध्या, काशी में भव्य मंदिर का निर्माण जारी है और मथुरा की तैयारी है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद से मथुरा जन्मभूमि प्रकरण जोर पकड़ रहा है। यूपी में विधानसभा चुनाव को कुछ ही समय शेष है ऐसे में हिंदुत्व के एजेंडे को और मजबूत करने के लिए अब भाजपा ने नेता कार्य कर रहे हैं। बसपाा प्रमुख ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले दिया गया बयान कि अयोध्या व काशी में मन्दिर निर्माण जारी है अब मथुरा की तैयारी है, यह भाजपा के हार की आम धारणा को पुख्ता करता है। इनके इस आखिरी हथकंडे से अर्थात् हिन्दू-मुस्लिम राजनीति से भी जनता सावधान रहे।

## शिवराज पहुंचे हरिद्वार, पतंजलि योग पीठ में व्याख्यान में भाग लेंगे



**हरिद्वार, भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरिद्वार पहुंचे। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने उनका स्?वागत किया। दोपहर वे गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के स्?वर्ण जयंती वर्ष के तहत देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित पौधारोपण व अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के प्रमुख डा. प्रणव पंड्या से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके बाद वह पतंजलि योग पीठ में व्याख्यान में भाग लेंगे। सीएम शिवराज शुक्रवार को कनखल स्थित हरिहर आश्रम में श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएम शिवराज ने ट्वीट कर लिखा पावन मां गंगा के तट पर स्थित हरिद्वार में श्री प्रज्ञेश्वर महादेव जी महाकाल मंदिर में दर्शन-पूजन कर देशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि की कामना की।

## और कितने अच्छे दिन चाहिए



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिवराज सिंह चौहान सरकार के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि देश में कितना परिवर्तन आ गया है और सवाल किया कि देश को और कितने अच्छे दिन चाहिए। डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि ममता बनर्जी सिद्धिविनायक के दर्शन करने जा रही हैं। कमलनाथ हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहे हैं। केजरीवाल जी तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं, राहुल जी कश्मीरी पंडित बन रहे हैं। देश को और कितने अच्छे दिन चाहिए?। ममता दीदी सिद्धि विनायक जा रही हैं, कमलनाथ जी हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं, केजरीवाल जी तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं, राहुल जी कश्मीरी पंडित बन रहे हैं। किसानों की कर्जमाफी और बेरोजगारों को रोजगार देने के नाम पर धोखा देने वाली कांग्रेस ने सत्ता के लिए जनता को बेवकूफ बनाया है हमेशा।

## चक्रवाती तूफान जवाद का खतरा बरकरार, ओडिशा के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



**भुवनेश्वर।** आंध्र प्रदेश और ओडिशा में चक्रवाती तूफान जवाद का खतरा मंडराने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार सुबह तक आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटवर्ती इलाकों में चक्रवाती तूफान जवाद दस्तक दे सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने तीन दिसंबर से ओडिशा के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण ओडिशा के जिलों में भी तीन दिसंबर को भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस तूफान की वजह से सड़कों पर जलजमाव की स्थिति पैदा हो सकती है, सड़कों पर दृश्यता कम हो सकती है और कच्ची सड़कों को नुकसान भी पहुंच सकता है। लोगों को बेवजह घर से निकलने से परहेज करने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग के अधिकारी ने कहा कि अवसाद बनने के बाद ही हम तट को पार करने वाले चक्रवात के स्थान और उसकी तीव्रता का अनुमान लगाने की स्थिति में होंगे। मौसम विभाग ने कहा है कि ओडिशा में बारिश की तीव्रता शनिवार से बढ़ेगी क्योंकि तटीय जिलों और आंतरिक जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

## वरूण गांधी ने फिर दिखाए बागी तेवर



**लखनऊ।** भाजपा सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगार युवाओं की परेशानी को देखते हुए देश की परीक्षा प्रणाली पर कड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि एक तरफ तो देश में सरकारी नौकरियां नहीं हैं, वहीं दूसरी तरफ यदि कुछ नौकरियों के लिए परीक्षाएं आयोजित भी की जाती हैं तो उनमें इतना भ्रष्टाचार हो जाता है कि युवाओं को लंबे समय तक नौकरी नहीं मिलती और उन्हें परेशान होना पड़ता है। उन्होंने सवाल किया है कि आखिर देश का युवा इन परिस्थितियों को कब तक बर्दाश्त करे। वरुण गांधी की इस टिप्पणी को उत्तर प्रदेश में यूपी टीईटी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार से जोड़कर देखा जा रहा है। गुरुवार को को एक ट्वीट करते हुए पीलीभीत सांसद वरुण गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अब देश में सरकारी नौकरियां नहीं निकल रही हैं। बेहद कम नौकरियों के लिए युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं और परीक्षाएं कराई जाती हैं। लेकिन इन परीक्षाओं में भी बहुत अव्यवस्था होती है। कभी प्रश्नपत्र लीक हो जाता है, तो कभी परीक्षाओं का परिणाम घोषित नहीं किया जाता है।



### शादी के बाद फिल्में करना छोड़ देंगी कटरीना?

मुंबई। कटरीना कैफ 9 दिसंबर को विक्की और कटरीना सात फेरे लेने वाले हैं। अब खबर है कि शादी के बाद कटरीना फिल्मों में काम नहीं करेंगी। अभी तक इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। यहां तक कि दोनों ने अपनी अफेयर की खबरों पर भी अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

## टंट्या मामा के ताबीज से कोरोना रहेगा बेअसर : उषा

### मंत्री के विवादित बोल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने अजीब बयान दिया है। जब कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पर सवाल उठे तो उन्होंने दो-टूक कह दिया- कि कहीं कुछ नहीं होगा। घबराने की जरूरत ही नहीं है। टंट्या मामा के ताबीज से तो स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन पर अटूट आस्था है लोगों की। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार ने 4 दिसंबर को इंदौर के पातालपानी में क्रांतिकारी टंट्या भील के बलिदान दिवस पर विशेष आयोजन किया है। टंट्या मामा की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करने वाले हैं। गौरव कलश यात्रा आदिवासीबहुल जिलों से होकर इंदौर पहुंचने वाली हैं। इन यात्राओं के स्वागत के इंतजाम भी किए गए हैं। वैसे, उषा ठाकुर कोरोना को लेकर पहले भी विवादों में रही हैं। पिछले विधानसभा सत्र में उन्होंने एक बार भी मास्क नहीं पहना था। कोरोना की पहली ही नहीं, दूसरी लहर में भी उन्होंने कभी मास्क नहीं लगाया। बुधवार को भी जब मीडिया से मुखातिब हुई तो उनके चेहरे पर मास्क नहीं था। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि मास्क लगाएं। वैक्सीन के दोनों डोज अवश्य लगवाएं।





## खोज: एक रोबोट जो बच्चे पैदा कर सकता है, इलाज भी

**नई दिल्ली।** आज अब तक आपने साइंस फिक्शन फिल्मों में देखा होगा कि रोबोट अपने जैसे रोबोट पैदा कर सकते हैं परंतु अब अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इसे हकीकत में बदल दिया है। दुनिया के पहले जीवित रोबोट जेनोबोट्स बनाने वाले वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि यह जेनोबोट्स अब अपने जैसी संतान भी पैदा कर सकते हैं। इन्हें बनाने का श्रेय वर्मोंट, टफट्स और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वॉइस इंस्टिट्यूट को है।

### ज़ेनोबोट्स पैक से कैंसर का इलाज किया जाएगा

यह जेनोबोट्स पैक- मैन जैसे अपने मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को जमा करते हैं और बच्चों को बाहर निकालते हैं। जो बिल्कुल माता-पिता की तरह दिखते व गति करते हैं। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह जेनोबोट्स कैंसर के साथ कई गंभीर बीमारियों के इलाज में भी क्रांति ला सकते हैं। इनमें गहरे घाव, बर्थ डिफेक्ट्स् और उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां भी शामिल है। भविष्य में यह जेनोबोट्स अपने आप मल्टीप्लाई होकर बीमारियों को जड़ से खत्म करने में मददगार साबित होंगे।



एक रोबोट जो समुद्र और नदी, तालाबों से माइक्रो प्लास्टिक कचरा निकाल लाएगा शोधकर्ताओं का मानना है कि यह जेनोबोट्स ना सिर्फ बीमारियों से लड़ सकते हैं बल्कि प्रकृति को साफ-सुथरा रखने में भी मदद करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संयोजन से इनकी उपयोगिता बढ़ाई जा सकेगी। इस स्टडी से जुड़े टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइकल लेविन बताते हैं कि जेनोबोट्स की उपयोगिता बढ़ाने पर शोध जारी है। हालांकि ताजा प्रयोग के तौर पर पता चला है कि यह रोबोट महासागरों, नदी और तालाब की गहराई से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लेने में भी सक्षम है। ऐसे में इनके जरिए साफ सफाई भी की जा सकेगी और पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी। ये जेनोबोट्स जीते जागते रोबोट्स हैं। जिन्हें मेंढक के एंब्रियो से बनाया गया है। साथ ही इनके दिल को मोटर की तरह यूज किया जा सकता है। इन जोनोबोट्स को बनाने के लिए मेंढक के भ्रूण से जीवित स्टेम कोशिकाओं को स्क्रैप किया गया और इन्हें इनक्यूबेट करने के लिए छोड़ दिया गया। इसलिए यह रोबोट होने के साथ-साथ जीव भी है। इन रोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का बिल्कुल नया रूप खोजा गया है। वैज्ञानिकों ने इनके जीन में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया है। यह जोनोबोट्स चल सकते हैं, तैर सकते हैं, बिना खाए हफ्तों तक जिंदा रह सकते हैं और इसके अलावा खुद को ठीक भी कर सकते हैं।

# PM आवास योजना

# सपनों को फाइनल टच का इंतजार

## महंगाई में योजना के तहत घर बनाना टेढ़ी खीर

**जबलपुर, यशभारत। पीएम आवास योजना के तहत आधे अधूरे पड़े पक्के मकानों सपने फाइनल टच का इंतजार कर हैं। अमीर हो या गरीब, मकान बनाने का सपना हर कोई का होता है। आशियाने का ख्वाब लिए लोगों की उम्मीदें तब और प्रबल हो गई, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन की मदद से मकान बनाने का आसरा मिला। योजना की शुरुआत से ही लोगों में उत्साह था कि उनके सिर पर छत नसीब हो सकेगी। बड़ी संख्या में लोगों को इस योजना का लाभ भी मिला। काफी संख्या में ऐसे भी हितग्राही हैं जो मकान निर्माण करवाने के लिए जूझ रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा कारण है कि महंगाई।**



यशभारत एक नजर

दरअसल, योजना चालू होने के बाद जो राशि दी जा रही थी, आज भी उतनी ही रकम हितग्राहियों को मुहैया करवाई जा रही है। अब लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में निर्माण सामाग्री के दामों में उछाल आ गया है। वे मकान बनवाना शुरु तो कर देते हैं, लेकिन पूरा करवाने में पसीने छूट रहे हैं। योजना के आधिकारिक पोर्टल और जबलपुर जिले में योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि 82 हजार से ज्यादा रजिस्टर्ड लोगों में से तकरीबन 60 हजार हितग्राहियों के मकान ही पूरी तरह से बन पाएं हैं। यानी 22 हजार से ज्यादा हितग्राहियों के मकान अब भी या तो निमार्णाधीन हैं, या उनका काम रुका हुआ है।

### सीमेंट - रेत के दाम बढ़े

हितग्राहियों का कहना है कि योजना के तहत शासन द्वारा करीब 1 लाख 20 हजार रुपए चार किश्तों में दिए जा रहे हैं। 270 वर्गफुट के एरिया में मकान निर्माण के लिए पहले स्वीकृत राशि पर्याप्त थी, लेकिन आज की परिस्थितियों में इतनी ही राशि में निर्माण करवाना काफी कठिन हो गया है। वर्तमान में सीमेंट और रेत के दाम बढ़े हैं, जिस वजह से मकान बनवाना नामुकिन सा लग रहा है।

### चौथी किश्त तक घट गए हितग्राही

पीएम आवास योजना के तहत जो आंकड़े पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं, उन पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो बहुत कुछ कहानी समझी जा सकती है। इस वित्तीय वर्ष में हुई प्रगति को लेकर दिए गए आंकड़ों की मानें तो योजना के तहत 82 हजार 850 रजिस्ट्रेशन किए गए। इनमें से भौतिक सत्यापन के बाद 78 हजार 518 को स्वीकृति मिली। वहीं पहली किश्त 75 हजार हितग्राहियों के खाते में दी गई, तो चौथी किश्त सिर्फ 52 हजार 759 हितग्राहियों को ही मिल पाई है। पहली से चौथी किश्त मिलने वाले हितग्राहियों की संख्या में तकरीबन 22 हजार का अंतर है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहली किश्त मिलने के बाद हितग्राहियों ने मकान निमाज़्ण शुरु तो करवाया, लेकिन पूरा नहीं करवा सके। जानकार इसके पीछे कई वजह बताते हैं, जिनमें से प्रमुख महंगाई है। इसके अलावा यह भी आरोप है कि लोगों को समय पर किश्तों का भुगतान नहीं हो रहा है।

## समय पर नहीं मिल रही ग्रामीणों को किस्त





### अभी भी अधूरे हैं निर्माण

जबलपुर की ग्राम पंचायत देवरी के गांव छत्तरपुर में अभी भी के बाद कई हितग्राहियों के मकानों का निर्माण अधूरा पड़ा है। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं, जो राशि मिलने भी मकान का निमाज़्ण सिफ्ऱ इसलिए नहीं करवा पा रहे हैं, क्योंकि कंस्ट्रक्शन मटेरियल की कॉस्ट बढ़ गई है। हितग्राहियों का कहना है कि मकान निर्माण करवाना बहुत पहले शुरु किया था, जो कि धीरे - धीरे पूरा करवाया जा रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि निर्माण सामग्री महंगी हो गई है। हालांकि पीएम आवास योजना के तहत जहां पहले एक लाख बीस हजार रुपए की राशि दी जाती थी, वह वषज़् 2020-21 में बढ़कर एक लाख पैंतीस हजार रुपए कर दी गई। फिर भी ग्रामीणों का कहना है महंगी निमाज़्ण सामग्री की वजह से उन्हें मकानों का निर्माण करवाने में दिक्कतें आ रही हैं। ऐसा ही कुछ हाल समाधि रोड पर स्थित बरबटी गांव का है, जहां कई हितग्राहियों ने मकान का निर्माण रोक दिया है।

### कब - कब मिलती है किश्त

योजना के तहत पूर्व में 215 वर्गफुट पर मकान निर्माण करवाने के लिए शासन द्वारा एक लाख 20 हजार रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाती है। यह राशि चार किस्तों में निर्माण कार्य के अनुरूप हितग्राही के खाते में जमा होती है। पहली किश्त के रूप में 25 हजार रुपए निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए मिलते हैं। इसके बाद प्लिंथ या नींव डलवाने पर 40 हजार रुपए स्वीकृत किए जाते हैं। सुपर स्ट्रक्चर या आसान भाषा में कहें तो दीवार बनाने के बाद 40 हजार रुपए की तीसरी किस्त हितग्राही के खाते में आती है। 15 हजार रुपए की चौथी किश्त मकान निर्माण पूर्ण हो जाने पर उसकी फोटो अपलोड करने पर दी जाती है।



# श्रेया-गौतमी ने निशानेबाजी में जबलपुर को दिलाए स्वर्ण और कांस्य पदक

## निशानेबाजों का पदक विजेता प्रदर्शन

जबलपुर, यशभारत। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज नगर की श्रेया अग्रवाल ने भोपाल में आयोजित 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी स्पर्धा में मप्र को एक कांस्य व एक स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं उदीयमान खिलाड़ी गौतमी भनोत ने भी एक कांस्य व एक स्वर्ण पदक जीता। गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी के प्रशांत जैन के अनुसार श्रेया अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल की सीनियर महिला वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड में 631. 4 का सर्वाधिक स्कोर अर्जित करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। बाद फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत कांस्य पदक एवं टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। श्रेया के साथ मानसी, सुधीर सिंह और अंशिका गुप्ता भी टीम का हिस्सा थीं। वहीं दूसरी ओर गौतमी भनोत ने 10 मीटर एयर राइफल सब यूथ महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 624.8 स्कोर अर्जित किया और व्यक्तिगत वर्ग का कांस्य और 10 मीटर यूथ महिला वर्ग टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। गौतमी के साथ अंशिका गुप्ता व याना राठौर टीम का हिस्सा थीं। मप्र की खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने श्रेया व गौतमी को उम्दा प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस मौके पर दोनों के अंतरराष्ट्रीय कोच निशांत नाथवानी भी उपस्थित रहे।

# निरंकारी सन्त समागम का समापन

# ज्ञानरूपी रोशनी को जन- जन तक पहुंचाने का माध्यम बनें: सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज






जबलपुर, यशभारत। सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 74 वे वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के समापन सत्र में वर्चुअल माध्यम द्वारा विश्वभर के श्रद्धालु भक्तों का आह्वान किया वर्तमान समय में संसार में सन्त - महात्माओं की नितांत आवश्यकता है, उनसे शिक्षा प्राप्त करके सभी भक्ति मार्ग पर अग्रसर होकर स्वयं आनंदमयी जीवन जिये एवं जन जन तक ज्ञानरूपी रोशनी पहुंचाने का माध्यम बने। इस तीन दिवसीय समागम का सफलतापूर्वक समापन हुआ जिसका भरपूर आनन्द मिशन की वेबसाईट एवं साधना टीवी चैनल के माध्यम से विश्वभर के श्रद्धालु भक्तों एवं प्रभुप्रेमी सज्जनों द्वारा लिया गया। सत्गुरु माता जी ने कहा कि ब्रह्मज्ञान द्वारा भक्ति मार्ग पर चलते हुए ईश्वर पर दृढ़ विश्वास रखकर जीवन आनंदित हो जाता है। जब हम परमात्मा को जीवन का आधार बना लेते हैं और पूर्णत उसमें समर्पित होकर मन में जब सत्संग, सेवा, सुमिरण की लगन लग जाती है तो यह जीवन वास्तविक रूप में महक उठता है। अतः हम इस निरंकार प्रभु के रंग में निरंतर रंगे रहे एवं अपना विश्वास इतना दृढ़ बनाएं कि फिर किसी भी अवस्था में वह डोल न पाये।

### कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

कवि सम्मेलन समागम के समापन सत्र में एक बहुभाषी कवि संमेलन का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धा भक्ति विश्वास रहे, मन में आनन्द का वास रहे शीर्षक पर अनेक कवियों ने हिंदी, पंजाबी, मुलतानी, हरियाणवी, उदूज़् एवं अंग्रेजी भाषाओं में अपनी अपनी कवितायें पढ़ी। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मंडल के समाज कल्याण विभाग द्वारा समागग स्थल पर सभी प्रतिभागियों एवं प्रबंध व्यवस्था से जुड़े हुए महात्माओं के स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं हेतु एक फ्री डिस्पेंसरी का प्रबंध किया गया जिसमें कोविड केयर सेंटर, चार एम डी डॉक्टर, अल्टरनेटीव थैरेपी डॉक्टर के अतिरिक्त ओ.पी. डी आई पी. डी. एवं तीन एम्बुलेस रखी गई थी।

# पशुपालन मंत्री द्वारा बर्डफ्लू के विरूद्ध सतर्कता बरतने के निर्देश

**जबलपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने विभागीय अधिकारियों को बर्डफ्लूकी रोकथाम के लिये सभी तैयारियाँ चाक-चौबंद रखने और कहीं से भी पक्षीयों की मृत्यु कीसूचना प्राप्त होने पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। श्री पटेल ने भोपाल में कहा किसीमावर्ती जिलों के विभागीय अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केन्द्रशासन की एव्हियन इन्फ्लूएंजा एक्शन प्लान 2021 की वेबसाइट 222.dahd.nic.in पर उपलब्धगाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही करें। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि आकस्मिकता से निपटने के लिये प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर्स की अध्यक्षता में पशुपालन, वन, स्वास्थ्य और अन्य समन्वयक विभागों के साथ तैयारीऔर रोकथाम से संबंधित बैठकें की जा रही हैं। जिलों में आरआरटी दलों का गठन कर पीपीईकिटस्, उपकरण, डिसइन्फेक्टेन्ट्स, और दवाइयों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।



## बरगी जलाशय में नाव से पहुंचकर मछुआरों को लगाया कोरोना का टीका

जबलपुर। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने आज बुधवार को जबलपुर जिले में चलाये गयेटीकाकरण महाअभियान में मोबाइल टीमों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं द्वारा घर-घर जाकर वृद्ध, बीमारएवं असहाय व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई। महाअभियान के तहत बरगी बांध केडूब प्रभावित ग्राम मगरधा पहुंची मोबाईल वैक्सीनेशन टीम ने बरगी जलाशय में मछली पक? रहेमछुआरों को भी कोरोना का टीका लगाया। वैक्सीनेशन टीम जलाशय में जाल फैलाये इन मछुआरोंतक नाव से पहुंची थी।

# रादुविवि विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आर के यादव हुए सेवानिवृत्त

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग द्वारा सेवा सम्मान दिवस कार्यक्रम में विभाग के शिक्षण अधिकारी प्रशिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा प्रो. आर. के. यादव की सेवानिवृत्ति के अवसर अभिनंदन किया गया। यह समारोह प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलपति रा.दु.वि.वि., कुलसचिव डॉ. ब्रजेश सिंह, सहायक कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्र, पूर्व कुलपति लक्ष्मी बाई शारीरिक शिक्षण संस्थान (डीक्ड यूनिवरसिटी) प्रो. दिलीप डुरेहा की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विभाग की ओर से प्रो. अलका नायक, डॉ. विशाल बन्ने द्वारा शॉल, श्रीफल प्रदान कर यादव सर का अभिनंदन किया गया। उत्सव के रूप में मनाये गए इस समारोह में विभाग 23 रिसर्च स्कालर्स जो देश के कौने-कौने से आए थे आचार्य यादव का शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र, सिल्वर प्लेट से अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने शारीरिक शिक्षण विभाग को प्रगति देने एवं विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देकर उनका भविष्य निर्माण करने के लिए प्रोफेसर आरके यादव की सेवाओं की सराहना की एवं उनके सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लखेरा द्वारा किया गया जिन्होंने अपनी पुस्तक शारीरिक शिक्षा की अवधारणा प्रो. यादव को समर्पित की, इसका विमोचन किया गया, विभाग ऐसे विद्यार्थी जो देश विदेश में थे नहीं आ पाए उनका डिजीटल मेसेज स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्र, छात्राओं वर्तमान विद्यार्थियां ने ब?ी संख्या में शिरकत की। इसमें मुख्य रूप से डॉ शक्ति सिंह मण्डलोई, डॉ. अटवाल, एथलेटिक्स प्रशिक्षक श्री मानसिंह बिलासपुर, बी.एच.यू. हिमाचल, कानपुर एवं अन्य विश्वविद्यालयों से आए प्राध्यापक, प्रशिक्षकों विभिन्न खेल संघों से आए पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। विश्वविद्यालय से प्रो. विवेक मिश्र, प्रो. कमलेश मिश्र जी प्रो. सिंह, प्रो. संन्धु, प्रो. आर.के. गुप्ता, प्रो. दिव्या चंसोरिया, प्रो. पेंडसे, बी.एड. विभाग, कम्प्यूटर विभाग, स्थापना, वित्त विभाग, परीक्षा विभाग से आए अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति ने इस अवसर को एक यादगार अवसर बना दिया। शारीरिक शिक्षण विभाग से श्री सुदर्शन सिंह, डॉ. प्रसन्न जी, डॉ. सतीश पांडे, प्रवीण पांडे, कन्हैया राठौर, श्री चैहान, विभिन्न महाविद्यालयों से आए क्री?ा अधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।




## आपकी सरकार-आपके साथ अभियान

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने 26 जनवरी तक चलेगा

जबलपुर। राज्य शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंएवं कार्यक्रमों का लाभ दिलाने के लिये आपकी सरकार - आपके साथ; अभियान चलाया जा रहा है। 26 जनवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत शासन की समस्त हितग्राही मूलकयोजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाया जायेगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार ने आज बुधवारको इस संबंध में पत्र जारी कर कहा है कि सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के लिये पात्र समस्तहितग्राहियों को लाभांवित किया जाये। बीते 15 नवम्बर से शुरू यह प्रदेश व्यापी अभियान 26 जनवरी2022 तक संचालित किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार एवं नगरीय क्षेत्रों मेंवार्ड वार शिविरों का आयोजन कर सभी पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किये जायेंगे और प्राप्तआवेदनों का निराकरण तत्काल कर शिविर में ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया जायेगा। जिले में अभियान का नेतृत्व कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर के अनुमोदन से मुख्य कार्यपालनअधिकारी, जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिये ग्राम पंचायत वार एवं आयुक्त, नगर निगम,मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्र में नगरनिगम कमिश्नर, ग्राम पंचायत व वार्ड वार शिविरों के आयोजन का रोस्टर तैयार करेंगे। निर्धारित रोस्टर की एक प्रति सामान्य प्रशासन विभाग को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेएवं सीएम हेल्पलाइन पर इस कार्यक्रम हेतु तैयार किये गये एमआईएस मोड्यूल में भी दर्ज करायाजाये। प्रत्येक शिविर के लिये एक नोडल अधिकारी की नियुक्त की जाये। शिविर की पूर्व तैयारी करतेहुये सभी ग्राम पंचायतों और वार्डों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन पूर्व से ही किया जाकर आवेदनभी प्राप्त कर उनका परीक्षण करा लिया जाये। ऐसे हितग्राही जो पूर्व में योजना का लाभ मिलने सेकिसी कारणवश वंचित रह गये है। योजना का लाभ लेने के लिये पात्र नवीन आवेदन, सीएमहेल्पलाईन व जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी अथवा हितग्राही मूलकयोजनाओं का लाभ न मिलने संबंधी आवेदन शिविर में प्राप्त कर सभी आवेदनों का अंतिम निराकरणअनिवार्य रूप से किया जाकर पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही समुचित हितलाभ प्रदाय किया जाये।



# ओ एफ के में कर्मचारियों के लंबित ट्रेड टेस्ट आंरभ

जबलपुर यशभारत। खमरिया फैक्टरी में रिक्त पदों के लिए पदोन्नति की मांग के बाद अब कर्मचारियों के लंबित ट्रेड टेस्ट प्रारंभ हो गए हैं। कामगार- इंटक मोर्चे का दावा है कि उन्होंने इसके लिए 18 नवम्बर को ज्ञापन दिया था। इसके बाद खमरिया प्रशासन ने उसी के चलते आज ट्रेड टेस्ट का ऑर्डर कर दिया गया। बताया गया कि दिसंबर माह में ट्रेड टेस्ट कर पूरी हो जाएगी। मोर्चा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार न्यू पेंशन स्कीम के कर्मचारियों के इनकम टैक्स कटौती के मामले में एल बी अनुभाग जाकर घेराव किया जिस पर कर्मचारियों को इनकम टैक्स की डिटेल देने के लिए आश्वासन दिया। इससे लगभग 2हजार एन.पी.एस. कर्मचारियों को फायदा होगा। कामगार-इंटक मोर्चा के राजेन्द्र चडारिया रूपेश पाठक आनंद शर्मा अमित चौबे प्रेम लाल सेन अनूप बाथम धर्मेंद्र रजक महेंद्र रजक अखिलेश पटेल राजीव रंजन कृष्णा शर्मा राकेश जायसवाल सतिन शर्मा विक्रम सिंह आशीष तिवारी अनील गुप्ता जीजो सी जैकब राहुल चोबे गुरप्रीत सिंह जीवन सिंह ने कहा कि मोर्चा द्वारा कर्मचारियों के हितों की लड़ाई जारी रहेगी।



## स्टाफ की कमी से जूझ रहा संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल

# मेडिकल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में बंद हो सकता है हार्ट का इलाज

**जबलपुर यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब हार्ट का ऑपरेशन बंद हो जाएगा। स्टाफ की कमी लगातार बनी हुई है, जिसकी वजह से सुपर स्पेशलिटी में अब हार्ट मरीजों को इलाज मिलना मुश्किल होगा।**

हालांकि मेडिकल प्रबंधन ने इस संबंध में चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा है परंतु विभाग ने इस ओर कोई कदम नहीं उठाया है। मालूम हो कि जबलपुर सहित संभाग के लोगों को सही समय पर उचित इलाज मिल सके इसके लिए मप्र सरकार ने नेताजी सुभाषचंद्र सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को खोला गया।



### पूर्व मुख्यमंत्री ने किया था लोकार्पण

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जबलपुर में विश्वस्तरीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया था। 150 करोड़ की लागत से बने इस अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होने का दावा किया गया था। 220 बेड वाले अस्पताल के लोकार्पण के साथ ही सीआईआई के सहयोग से स्थापित किए जाने वाले मॉडल कॅरियर सेंटर का शुभारंभ हुआ था।

### इस वजह से बनी समस्या

दरअसल सुपर स्पेशलिटी में वर्तमान में 19 है पूरे कार्डियक थोरेसिक में और जरूरत है 30 की।ओटी टेक्नीशियन की दो पोस्ट है और एक ही जो हमेशा गायब रहते हैं और हाल ही में संबंधित कही और जॉब लग गई है।

### ये सुविधाएं है अस्पताल में

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एम्स जैसी चिकित्सा सुविधा मरीजों को मिल मिलने की बात कही गई थी। न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूनेटोलॉजी, कार्डियोलॉजी, एनस्थीसिया, रेडियोलॉजी आदि की उच्च स्तरीय सुविधा के साथ ही बाईप्लेनर, एंजियोग्राफी स्थापित है।

### डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हुई

मेडिकल कॉलेज परिसर में तैयार सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 9 विषय की विशेष चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। अस्पताल को अभी तक आठ विषय में विशेषज्ञ चिकित्सक मिल चुके हैं। इसमें न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नैफ्रोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, कॉर्डियोलॉजी, एनीस्थिसिया और रेडियोलॉजी शामिल है।

### इनका कहना है

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्टाफ की कमी बनी हुई है। सबसे ज्यादा समस्या कॉर्डियोलॉजी में वहां से ओटी टेक्नीशियन की कहीं और जॉब लग गई है। इस समस्या से शासन को अवगत कराया जा चुका है। जल्द ही समस्या दूर होगी।

**पीके कसार, डीन नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज**

## जबलपुर मंडल में 22 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में मंगलवार को 22 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास के मार्गदर्शन में अपर मंडल रेल प्रंबधक दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अंतिम निपटारा राशि के विवरणों से अवगत कराया गया तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज एवं सिल्वर प्लेटेड गोल्ड मेडल प्रदान किये गये। सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को निपटारा राशियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी. से किया गया। इस माह सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में सें छोटे लाल, एमसीएम, एमसीएम, कैरिज एण्ड वैगन, एनकेजे ने 38 वर्ष 08 माह 26 दिन, रामेश्वर जामादार, वरि. गुड्स गार्ड, सतना ने 38 वर्ष 06 माह 12 दिन एवं अनिल कुमार, वरि. लोको पायलट, सतना ने 38 वर्ष 04 माह 06 दिन की अधिकतम रेल सेवा पूर्ण की है। इस अवसर पर वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, वरि. मंडल वित्त प्रंबधक अभिराम खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविन्द पाण्डेय एवं मंडल वित्त प्रबंधक अजय कुमार के अलावा कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारी का सहयोग रहा।

## विश्व विकलांग दिवस

# दिव्यांगों में प्रतिभाओं की कमी नहीं, तरासने की जरूरत है






**जबलपुर, यशभारत। विश्व विकलांग दिवस के मौके पर ग्वारीघाट गीताधा में दिव्यांगजन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि दिव्यांगों में प्रतिभागों की कमी नहीं है बस उसे तरासने की जरूरत है।**

विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में 2 एवं 3 दिसंबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आज गुरूवार से किया जा रहा है। इस क्रम में आज पहले दिन 2 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से गीताधाम ग्वारीघाट में दिव्यांगजन सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कल दूसरे दिन 3 दिसंबर को पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में दिव्यांगों की खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिताऐं होंगी। उपकरण का वितरण विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिसंबर को गीताधाम ग्वारीघाट में आयोजित दिव्यांगजन सम्मेलन में उपस्थित होने वाले दिव्यांगजनों का जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और इस आधार पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदाय किए जा रहे हैं। इसके लिए एल्मिको संस्थान द्वारा कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा रहा है। साथ ही पूर्व से चिन्हांकित हितग्राहियों को उपकरण वितरण किया जा रहा है। सम्मेलन स्थल पर ही दिव्यांगजनों को रोजगार, स्वरोजगार की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु स्टॉल लगाया गया है। कार्यक्रम में दिव्यांग सम्मेलन में दिव्यांगजनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जा रही है। दिव्यांगजन सम्मेलन का शुभारंभ स्वामी नरसिंहदास, महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज, विधायक अजय विश्नोई, विनय सक्सेना, कलेक्टर कमज़्वीर शमाज़, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित, संदीप रजक, आयुक्त नि:शक्तजन मध्यप्रदेश की उपस्थिति में किया गया। दो दिवसीय आयोजनों के दूसरे दिन 3 दिसंबर को स्थानीय पंडित रवि शंकर शुक्ल स्टेडियम जबलपुर में दिव्यांगजनों की खेलकूद सामथ्यज़ प्रदज़्शन प्रतियोगिताओं का आयोजनकिया जाएगा। इसमें विभिन्न श्रेणी की प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कायज़्क्रम स्थल पर ही प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

## संजीवनी नगर में हजारों के जेवरात और नगदी ले उड़े चोर

### कुंदा तोड़कर दिया वारदात को अंजाम



**जबलपुर यशभारत।** थाना संजीवनी नगर में सूने घर का कुंदा तोड़कर शातिर चोर हजारों के सोने चांदी के जेवरात और नगदी लेकर उड़ गए। पुलिस ने मामला कायम कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार अभय अहिरवार 33 वर्ष निवासी धनवंतरीनगर ने पुलिस को बताया वह कि प्राईवेट नौकरी करता है। उसकी पत्नी मायके में रहती है। रात को घर में ताला लगाकर ससुराल तिलहरी चला गया था। आज घर आया तो बाउण्ड्री का गेट खोल कर अंदर गया। जहां देखा कि दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो आलमारी के कपड़े फैले हुये थे और वहां रखीं 2 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल आदि व नगद 3500 रूपये गायब थे। चोर रात में दरवाजे का कुंदा तोड़कर घर में प्रवेश कर सोने-चांदी के गहने एवं नगदी रूपये लेकर फरार हो गए।

## खान-पान स्टॉलों के जांच अभियान में रेलवे ने लगाया सवा लाख का जुर्माना

जबलपुर यश भारत। जबलपुर स्टेशन पर खान-पान स्टॉलों पर रेलवे द्वारा खान-पान की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इन स्टॉरलों पर रेलवे ने अब तक एक लाख छब्बीस हजार रूपये का जुर्माना भी अधिरोपित किया है। इस संबंध में वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व् रंजन ने बताया कि रेलवे द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर जांच कार्यवाही की जाती है। वर्तमान में 26 नवंबर से जारी इस अभियान के तहत् अब तक सत्तर हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित हो चुका है। गत अक्टूबर माह में भी चलाए गए अभियान में 20885/- तथा अगस्त माह के अभियान में 35800/- रू. तक का जुर्माना जबलपुर स्टेशन के 17 स्टॉलों पर अधिरोपित किया जा चुका है। मंडल में मुख्या लय के वाणिज्यल के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर मंडल के अधिकारियों एवं खान-पान एवं वाणिज्य निरीक्षकों द्वारा निरंतर जांच अभियान चल रहा है। जिसके तहत् स्टेशन के स्टॉलों से खाद्य सामग्री क्रय करने वाले जनता एक्स., हाबड़ा मेल, महानगरी एक्स., नर्मदा एक्स?. एवं शटल के यात्रियों से लिए गए फीडबैक में, यात्रियों का कहना था कि मंडल के सभी स्टेशनों पर उच्चक गुणवत्ताट की सामग्री उचित मूल्य पर तथा उचित मात्रा में मिल रही है।



## गोराबाजार में पोस्टमैन से मारपीट : बैग में रखा वेतन लेकर आरोपी फरार

जबलपुर, यशभारत। गोराबाजार में चिट्ठी बांट रहे पोस्टमैने से मारपीट कर, बैग में रखा हुआ वेतन लेकर एक आरोपी फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करने पर मामला दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार राममिलन पटैल 61 वर्ष निवासी ग्राम भीटा गोराबाजार ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम भीटा में पोस्ट मेन है। जब वह चिट्ठी बांटकर वापस भीटा के पास पहुंता तो वहां बेड़ीलाल पटैल मिला। जो उससे कहने लगा कि तुम मुझे पैसे क्यों नहीं दिलवा रहे हो और शासकीय कार्य में बाधा डालने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो तेजीलाल मारपीट करने लगा। इस दौरान झूमा झपटी में उसका बैग गिर गया जिसमें उसकी पेमेण्ट के पैसे रखे थे। जिसे लेकर बेड़ीलाल जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी बेड़ीलाल पटेल को अभिरक्षा में लेते हुए प्रकरण विवेचना में लिया है।



## खेत में जाकर लगाई लोगों को वैक्सीन

जबलपुर। सौ फीसदी पात्र व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने जबलपुर जिले में आज गुरुवार को भी टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के तहत मोबाइल वैक्सीनेशन टीम द्वारा बरेला क्षेत्र के ग्राम पड़वार के समीप ईंट भट्टा पर काम कर रहे 15 मजदूरों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। ये श्रमिक पिछले चार दिनों से अपने घरों पर नहीं मिल रहे थे। आज गुरुवार को इनके पड़वार के बाहर ईंट भट्टा जाकर इन्हें वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। मोबाइल वैक्सीनेशन टीमों द्वारा गली-मोहल्लों, खेत-खलिहानों और निर्माण स्थलों पर जाकर भी पात्र व्यक्तियों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा रही है।

## ओ एफ के मे कर्मचारियों के लंबित ट्रेड टेस्ट आंरभ

### लगभग 2 हजार एन.पी.एस. कर्मचारियों को होगा फायदा

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया फैक्टरी में रिक्त पदों के लिए पदोन्नति की मांग के बाद अब कर्मचारियों के लंबित ट्रेड टेस्ट प्रारंभ हो गए हैं। कामगार- इंटक मोर्चे का दावा है कि उन्होंने इसके लिए 18 नवम्बर को ज्ञापन दिया था। इसके बाद खमरिया प्रशासन ने उसी के चलते आज ट्रेड टेस्ट का ऑर्डर कर दिया गया। बताया गया कि दिसंबर माह में ट्रेड टेस्ट कर पूरी हो जाएगी। मोर्चा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार न्यू पेंशन स्कीम के कर्मचारियों के इनकम टैक्स कटौती के मामले में एल बी अनुभाग जाकर घेराव किया जिस पर कर्मचारियों को इनकम टैक्स की डिटेल देने के लिए आश्वासन दिया। इससे लगभग 2 हजार एन.पी.एस. कर्मचारियों को फायदा होगा( कामगार-इंटक मोर्चा के राजेन्द्र चडारिया रूपेश पाठक आनंद शर्मा अमित चौबे प्रेम लाल सेन अनूप बाथम धर्मेंद्र रजक महेंद्र रजक अखिलेश पटेल राजीव रंजन कृष्णा शर्मा राकेश जायसवाल सतिन शर्मा विक्रम सिंह आशीष तिवारी अनील गुप्ता जीजो सी जैकब राहुल चोबे गुरप्रीत सिंह जीवन सिंह ने कहा कि मोर्चा द्वारा कर्मचारियों के हितों की लड़ाई जारी रहेगी।





### आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अनूप तिवारी पिता स्व. श्री नारायण प्रसाद तिवारी निवासी म.नं. 521 स्टेट बैंक कालोनी डबल स्टोरी बंगला नं. 1 महाराजा अग्रसेन वार्ड तह. व जिला जबलपुर के स्व. पिता के द्वारा क्रय की संपत्ति मौजा लक्ष्मीपुर नं.बं. 643 प.ह.नं. 25/34 र.नि.मं. जबलपुर 1, नगर निगम म.नं. 521 स्टेट बैंक कालोनी डबल स्टोरी बंगला नं. 1 महाराजा अग्रसेन वार्ड तह. व जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 200/5/1 एवं 200/4- क का भाग कुल रकबा 4800 व. फु. है जो कि मेरे पक्षकार एवं उनके भाई अशोक कुमार तिवारी, अखिल तिवारी, मां स्व. श्रीमति विमला तिवारी एवं बहन जागृति की शामिल शरीक संपत्ति है उक्त संपत्ति पर राजस्व रिकार्डो में सभी के नाम संयुक्त खातेदार के रूप में दर्ज है। मेरे पक्षकार को विश्सवसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त संपत्ति को सहस्वामियों द्वारा छुपाते छुपाते किसी अन्य को विक्रय करने की कोशिश की जा रही है जबकि उक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार का भी हित सृजित है। अतः कोई भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था उक्त भूमि के संबंध में कोई भी इकरारनामा/बैनामा निष्पादित न करे अन्यथा वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

भवदीय
संपूर्ण तिवारी अधिवक्ता
मो. 9424779877



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
### मैकेलिकल खण्ड जबलपुर मध्यप्रदेश

Phone- 0761- 2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा सूचना क्रमांक 13 /तक./जे.जे.एम./का.यं.लो.स्वा.या./मैके./2021-22 जबलपुर दिनांक 26.11.2021

**ऑन-लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-टेण्डरिंग पद्यति पोर्टल (http//www.mptenders.gov.in) ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग, भोपाल म.प्र. की जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नलकूप आधारित नल-जल प्रदाय योजना के कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर **केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों** से आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण सूचना का विस्तृत विवरण एवं निविदा शर्तें आदि की जानकारी उपरोक्त वेबसाईड पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिड कार्ड या इंटरनेट बैंकिग एकाउण्ट के माध्यम से ऑन-लाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकता है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

**कार्य का नाम:-** जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत नरसिंहपुर जिले के विकासखण्ड नरसिंहपुर, करेली, बाबईचीचली, चॉवरपाठा एवं गोटेगांव के अन्तर्गत 251 से 350 तक जनसंख्या वाले विभिन्न ग्रामों में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अन्तर्गत सम्बर्सिबल पंप की स्थापना 2 X 5000 लीटर जल-क्षमता की 5 मीटर ऊचांई की माईल्ड स्टील स्टेजिंग पर उच्चस्तरीय पोलीथिलेन वॉटर टेंक (पानी की टंकी) स्थापना कार्य, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, स्त्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री, मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायलरन सहित कार्य।

| ई टेण्डरिंग पोर्टल क्रमांक | जिले का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में ) | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथि | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन-लाईन बिड खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-PHED- 170234-1 | नरसिंहपुर | 141.465 | 141465/- | 12500/- | 26.11.2021 | 13.12.2021 | 15.12.2021 | 5 माह |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित किया जावेगा समाचार पत्र में नहीं होगा।

(एस.के.श्रीवास्तव)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय,मैकेनिकल खण्ड जबलपुर

G-19873/21


## उड़ान संस्था का संगीत कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** उड़ान संगीत एवं सामाजिक संस्था द्वारा रानी दुर्गावती संग्रहालय( कला विधिका) में पुराने फिल्मी गीतों का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह ने बताया कि संस्था संगीत के साथ-साथ निसहायो को कपड़े वितरण, शिक्षा संबंधि सामग्री का वितरण आदि सामाजिक कार्य करती आ रही है और आगे भी प्रतिबंद्ध है। कार्यक्रम में शानदार गीतों की प्रस्तुतिकरण में गायक इन्द्रपाल सिंह, बिंदिया, सुशील श्रीवास्तव, पी.डी.दीक्षित, संजय मोहरिर, राजेश तिवारी, रमेश खडसन, राजेश अग्रवाल, राजू बेन, पूनम शर्मा, अभिनव कुमार, विनोद बेन, अशोक कुमार, सुनीता मोहरिर, शिवाली शर्मा आदि ने फिल्मी गीतों से समां बांधा। कार्यक्रम में समाज सेवी राजेश सोनकर का शाल, मालाओं से सम्मान किया गया। संचालन राजेश पाठक, प्रवीन ने किया एवं आभार सुभाष जैन ने किया।


### किराय से देना है

1230 स्क्वायर फीट गोदाम किराय से देना है। बल्देवबाग उखरी रोड, पुलिस चौकी के बाजू में।
मो. 9098608815
9329981331



### नाम सुधार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं JEET AGRAWAL पिता श्री VIRENDRA AGRAWAL पता ए 26 साकार उदय तुलसी नगर चेरीताल वार्ड थाना विजय नगर जिला जबलपुर का निवासी हूँ ! मेरे 10वीं की अंक सूची में मेरा और मेरे पिता के सरनेम में AGGARWAL लिखा हुआ है जो पूर्णतः गलत है ! मेरा समस्त दस्तावेजों में मेरा और मेरे पिता का सरनेम AGRAWAL लिखा हुआ है जो सही है! कृपया मुझे इसी नाम से जाना एवं पढ़ा जावे!

**सही नाम** -JEET AGRAWAL S/O VIRENDRA AGRAWAL
**गलत नाम** -JEET AGGARAWAL S/O VIRENDRA AGGARWAL



### कार्यालय नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर, म.प्र.

क्रमांक/520/न.पा. /2021 कटंगी दिनांक 01/11/20

**//सार्वजनिक सूचना//**

**नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर क्षेत्र के सर्वसाधारण आम नागरिको को सूचित किया जाता है, आज दिनांक से निम्नानुसार स्पाट फाईन/सामग्री जप्ती कार्यवाही एवं शुल्क प्रभावशील किया गया है।**

**-:विवरण:-**

**शासन द्वारा 75 माईक्रोन तक मोटाई की सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित पालिथिन कैरी बैग ( थैलियों ) के उत्पादन, भण्डारण, परिचालन और उपयोग करते हुए पाये जाने वाले व्यक्ति/व्यापारी से पालिथिन जप्ती एवं 100.00 रूपये प्रति कि.ग्रा. स्पाट फाईन वूसला जावेगा। भवन निर्माण के दौरान निकलने वाले विध्वंस अपशिष्ट मटेरियल ( रेत, पत्थर, प्लास्टर, मलबा ) सार्वजनिक स्थल एवं नाले, नाली, सड़क पर एकत्र करने पर भवन स्वामी अथवा संबंधित व्यक्ति से प्रतिदिन 500.00 ( पांच सौ रूपये ) की दर से एवं नगर परिषद के वाहन से परिवहन कराये जाने पर प्रति ट्रेक्टर ट्राली 500.00 ( पांच सौ रूपये ) शुल्क वसूल किया जावेगा।**
**मटेरियल परिवहन कराये जाने की सूचना निकाय के दूरभाष नम्बर 07621-268627 एवं मोबाईल नम्बर 8224020712 लोक स्वास्थ्य शाखा में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अथवा स्वयं के पास के वाहन से वार्ड नं. 15 स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में मटेरियल एकत्रित किया जा सकता है।**

E-mail ID-cmokatangijabalpur@mpunban.gov.in
(Tel-07621-268627)
बेबसाईटः WWW.NPKATANGI.COM

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर



### कार्यालय नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक/521/न.पं./2021 कटनी दिनांक 01.11.2021

**//सार्वजनिक सूचना//**


**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छता के नियमों का पालन न करने पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यालय नगर परिषद द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की जावेगी।**

| क्रमांक | कार्यवाही का विवरण | सांकेतिक शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | होटल, रेस्टारेंट, ढाबा, मंगल भवन आदि द्वारा गंदगी फैलाने पर | 200.00 रू. |
| 2 | भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने पर | 200.00 रू. |
| 3 | पूजन सामग्री/कचरा डालने पर | 50.00 रू. |
| 4 | व्यावसायिक द्वारा डस्टविन न रखने पर | 50.00 रू. |
| 5 | मांस, अंडा व्यापारियों द्वारा खुली सामग्री बेच कचरा करने पर | 200.00 रू. |
| 6 | दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का कचरा सड़क/नाली पर फेकने पर | 50.00 रू. |
| 7 | आवारा पशु छोड़ने पर पशु स्वमी पर 200.00 रू. | |
| 8 | सब्जी विक्रेता द्वारा गंदगी फैलाने पर | 50.00 रू. |
| 9 | घर व संस्थान का गंदा पानी रोड पर फेकने पर | 50.00 रू. |
| 10 | फास्ट फूड ठेले वालों द्वारा डस्टविन न रखने पर | 50.00 रू. |
| 11 | आवासीय घर के आसपास कचरा फेकने पर | 50.00 रू. |
| 12 | सड़क पर पशु को घास खिलाने पर | 50.00 रू. |
| 13 | बच्चों को शौच करवाने पर | 50.00 रू. |
| 14 | सार्वजनिक स्थलों पर थूकने पर | 100.00 रू. |
| 15 | सार्वजनिक होटलों/सार्वजनिक कार्य में प्लास्टिक डिस्पोजल कप गिलास प्रयोग करने पर | 200.00 रू. |
| 16 | घरो से निकलने वाले सूखा एवं गीला कचरा पृथक्करण न करने पर | 200.00 रू. |
| 17 | प्रतिबंधित पालीथिन का प्रयोग करने पर | 150.00 रू. |
| 18 | व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के अंदर व बाहर कचरा करने पर डस्टविन न रखने पर | 50.00 रू. |
| 19 | खुले में पेशाब करने पर/शौच करने पर | 100.00 रू. |

**नोट:- दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर दो- गुना राशि व उसके बाद पुनः उल्लंघन करने पर चार- गुना राशि वसूला जावेगा।**

E-mail ID-cmokatangijabalpur@mpunban.gov.in
(Tel-07621-268627)
बेबसाईटः WWW.NPKATANGI.COM

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कटंगी
जिला जबलपुर



## संपादकीय

### ढाक के तीन पात

सरकारों की बयानबाजी और बड़े-बड़े दावों की जमीनी हकीकत क्या होती है, उसकी बानगी दिल्ली में मौजूद प्रदूषण की घातक स्थिति है। वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक बरकरार रहने की चिंता के बाबत दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि वास्तव में जमीनी स्तर पर प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में विभिन्न राज्य सरकारों व सरकारी एजेंसियों ने कुछ भी प्रयास नहीं किये। दरअसल, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को वायु प्रदूषण कम करने के निर्देश दिये थे और केंद्र सरकार की मंशा अच्छी थी लेकिन इस दिशा में क्रियान्वयन शून्य ही रहा। यह हकीकत दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों द्वारा बयां की जा रही है जो सांसों के लिये हांफ रहे हैं। यह विडंबना ही है कि तमाम दावों के बावजूद वायु गुणवत्ता का सूचकांक यानी एक्यूआई की माप नियमित रूप से 350 से अधिक है और कई बार 400 को छू रही है जो स्वयं गंभीर स्थिति को ही दर्शाती है। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गंभीर सांस संबंधी रोगों से जूझने वाले मरीज व वृद्ध लोग किन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे होंगे। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कोरोना महामारी के दौरान वे ही लोग इसकी चपेट में आये थे, जिनके फेफड़े कमजोर थे। ऐसे में जब कोरोना संक्रमण का खतरा टला नहीं है, ये हालात महामारी के लिये जमीन तैयार करते हैं। ऐसे स्थिति में विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र को युद्धस्तर पर पहल करके प्रदूषण के खात्मे के लिये कदम उठाने चाहिए थे। लेकिन तंत्र की काहिली ऐसा करने की स्थिति में नजर नहीं आती जो राज्य सरकारों की जनसरोकारों के प्रति संवेदनहीनता को ही उजागर करता है। जिसका खमियाजा आम व खास को सामूहिक रूप से भुगतना पड़ता है। सर्वविदित है कि दो सप्ताह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को देश की राजधानी में भयावह होती वायु गुणवत्ता पर व्यापक विचार-विमर्श के लिये दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ अविलंब बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के निर्देश पर बैठक भी आयोजित की भी गई और समस्या के निदान के लिये विचारों का आदान-प्रदान भी किया गया। इतना ही नहीं, इस समस्या के समाधान के लिये संबंधित सरकारों व विभागों को निर्देश भी जारी कर दिये गये थे मगर परिणाम वहीं ढाक के तीन पात। जैसा कि अदालत ने टिप्पणी भी की थी कि लगता है जमीनी स्तर पर कुछ नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर सॉलिसिटर जनरल ने स्वीकार किया कि इन सरकारों से कई माह पूर्व भी जरूरी कदम उठाने को कहा गया था। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि सरकारें व सरकारी एजेंसियां दिल्ली के प्रदूषण के जानलेवा स्तर तक पहुंचने के बावजूद स्थिति को गंभीरता से नहीं ले रही हैं और निर्देशों की अनदेखी कर रही हैं। यदि कोई कोशिश हुई भी तो पालन पूरी तरह से नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में उठाये गये कदमों की रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश भी दिये। साथ ही चेताया भी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो इस दिशा में ठोस पहल के लिये अदालत स्वतंत्र टास्क फोर्स गठित कर सकती है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से ऐसा लगता है कि सभी सरकारें अपनी नाकामियों का ठीकरा कभी किसानों के पराली जलाने पर तो कभी हवाओं के रुख में बदलाव के बाबत मौसम पर फोड़ देती हैं। प्रतीत होता है कि सरकारें इसलिए हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं जैसे किसान पराली जलाना बंद कर देंगे, हवाएं चलने लगेंगी और बारिश होगी तो प्रदूषण के स्तर में गिरावट खुद-ब-खुद आ जायेगी। जैसा कि अदालत ने कहा भी कि तंत्र के हड़बड़ी में उठे कदम सिर्फ भ्रम पैदा करते हैं, व्यावहारिक रूप में कुछ हासिल नहीं होता।

# क्या कृषि कानून वापसी ही काफी है?

पांच नदियों वाले पंजाब ने सदियों तक उथल-पुथल झेली हैङ्कअधिकांश आक्रांता यहीं से आए-गए। यहां के लोगों ने बहुत सहा है, फिर भी तरक्कीयाफ्ता रहे। आक्रमणकारियों से गुर सीखकर, वक्त पर उन्हें काबू किया। यह धरती नानक की है, जिनके दर्शन ने इस धरा व लोगों की आत्मा को स्वरूप दिया। अनेकानेक भ्रमणों के बाद, गुरु नानक ने जिंदगी के आखिरी 17 साल अपने खेत जोतते हुए बिताए। आज समाज के अन्य वर्गों में, शायद यह देहाती ही हैं, जो गुरुजी के सिद्धांतों के सबसे अच्छे पहरूआ हैं। 'लंगर' और 'सेवा' के माध्यम से उन्होंने आस्था का प्रकटीकरण अनगिनत बार किया, जब कभी गंभीर हालात बने, लोग निस्स्वार्थ होकर इस कार्य में जुटते और सदा आगे रहे हैं।

यह ग्रामीण तबका, जो नानक के 'नाम जपो-कीरत करो-वंड छको' वाले सिद्धांत में ढला है, वह देश की हरित क्रांति और खाद्यान्न आत्मनिर्भरता का धुरा बना। देश की सीमाओं के अडिग पहरेदार भी इन्हीं की संतानें हैं, इसीलिए हमारी सेना की अधिकांश रेजीमेंटों में सबसे ज्यादा संख्या इसी देहात से है। चूंकि ये धरतीपुत्र, कठोर हालात से सख्त जान बने, किंतु सहृदय हैं, जैसा कि नानक एवं भक्ति लहर के अन्य सूफियों कबीर, फरीद और बुल्ले आदि के दर्शन ने उन्हें होना सिखाया है। किसान आंदोलन के किसी भी चरण पर वे हिंसक नहीं हुए हैं, भले ही अपनी सरकार ने उन पर आतंकवादी होने का ठप्पा लगाया है। सेना की सिख-जाट-पंजाब रेजीमेंट और अन्य बहुत से सैन्य बलों में अधिकतर फौजी गांवों से हैं। रंज है जब लखीमपुर खीरी कांड हुआ, तो मीडिया कश्मीर में शहीद हुए सैनिकों और लखीमपुर में मारे गये किसानों की तुलना करके इसे विंडबना के तौर पर दर्शाने लगा।

कोई साढ़े पांच सौ साल पहले बाबर ने भारत पर चढ़ाई की (उत्तर-पश्चिमी दिशा से) और लोगों पर अकथनीय जुल्म ढहाए। सैदपुर (वर्तमान गुजरांवाला के पास अमीनाबाद) को मटियामेट कर वहां नरसंहार मचाया। यह गुरु नानक ही थे, जिन्होंने उसके खिलाफ आवाज़ उठाई, जिसका जिक्र उन्होंने 'बाबर वाणी' में किया है। नतीजतन उन्हें जेल में डाला गया, बाद में रिहा किया गया। लेकिन जुल्म के शांतिपूर्ण विरोध का बिगुल बज चुका था, जैसा कि आगे चलकर गुरु अर्जुन देव और गुरु तेग बहादुर की शहादतों में दिखा। ये गुरु नानक के सिद्धांत हैं, एकदम सरल, किंतु अत्यंत प्रभावशाली, जिन्होंने इस धरा के लोगों को जगाया, जिससे प्रेरित होकर शायर इकबाल ने अपने कलाम में कहा ः 'फिर उठी सदा तौहीद की पंजाब से/ हिंद को एक मर्द-ए-कामिल ने जगाया ख्वाब से।' इसी परंपरा में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश और अन्य प्रांतों के किसानों का आंदोलन चल रहा है, इतना लंबा खिंचने पर भी कुल मिलाकर यह शांतिपूर्ण और उद्देश्य पर केंद्रित रहा है। आंदोलनकारियों में भांति-भांति के लोगों की शिरकत के बावजूद न्याय और व्यवस्था नहीं टूटी, सिवाय भड़काऊ एजेंटों की करतूतों से उत्पन्न इक्का-दुक्का प्रसंगों के। आंदोलनरत किसानों ने परिवार सरीखी एकजुटता दिखाई , जिसके चलते यह सफल रहा है। धरने पर बैठने वालों को रोजमर्रा की जरूरी चीजों का इंतजाम करना बहुत बड़ा काम है। मसलन, भोजन, रिहायश, कपड़े, परिवहन, पानी, सफाई समस्याएं इत्यादि। हजारों लोगों के लिए इनका प्रबंध करना होता है। इस बारे में नेतृत्व बहुत बढ़िया रहा है और खुद मौजूद रहता है, जिसमें सभी किसान यूनियनों के नेता शामिल रहे। नेतृत्व विभिन्न सार्वजनिक मंचों से किसानों को जानकारी देता रहा, उसने पर्दे के पीछे सौदेबाज़ी नहीं की। निर्णय पर पहुंचने से पहले भरोसा हासिल किया।



हमें जो मूल्य सिखाए गए हैं, जन्म से सभी मनुष्य बराबर हैं, महिला-पुरुष के अधिकार समान हैं, और रूढ़ियों का त्याग करें। फिर 'संगत और पंगत' वाला महत्वपूर्ण सिद्धांत भी है, यानी सब एकसाथ बैठकर, बिना किसी भेदभाव, सामूहिक भोज ग्रहण करें। यहीं सिद्धांत आंदोलन चलाने का मंत्र है। सब लोग मिल-जुलकर रह रहे हैं, इकट्ठा खाते हैं, लंगर, मंच और चिकित्सालय प्रबंधन इत्यादि संभालने में महिलाएं बराबर की भूमिका में हैं।आंदोलन शुरू हुए एक साल बीत चुका है, सरकार को लगा कि गुरु पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा तीनों कृषि बिल वापस लेने की घोषणा करवाना सही रहेगा। साथ ही स्वीकारोक्ति आई कि सरकार किसानों के कुछ वर्ग को कृषि बिलों की महत्ता सही ढंग से नहीं समझा पाई। लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों की अन्य मांगें यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य, आंदोलनकारियों पर दर्ज केसों की वापसी, आंदोलन के दौरान मरे किसानों को मुआवज़ा, लखीमपुर कांड में न्याय इत्यादि के बारे में एक शब्द नहीं कहा। तथ्य है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे या दिल्ली आने-जाने के दौरान 700 से ज्यादा किसानों की मौत हो चुकी है, फिर भी उसका जिक्र तक नहीं आया। सच तो यह है कि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, जिसकी गाड़ी से किसानों को लखीमपुर में कुचला गया है, उसके आधार पर पूछताछ करना और बयान करवाने बनते थे, क्योंकि वाहन आपराधिक वारदात को अंजाम देने का एक हिस्सा है।किसानों की मांग पर वापस आते हैं, मैं इस क्षेत्र के जाने-माने खाद्य एवं कृषि विशेषज्ञ देविंदर शर्मा के 'द ट्रिब्यून' में 22 नवम्बर को छपे एक लेख का अंश उद्धत करना चाहूंगा 'प्रस्तावित मंडी सुधार अमेरिका, कनाडा से लेकर चिली और फिलीपींस तक के देशों में असफल हो चुके हैं, देश या महाद्वीप कोई भी हो। उक्त मंडी व्यवस्था ने पहले से मौजूद कृषि संत्रासों में इजाफा ही किया है। अमेरिका, कनाडा और अन्य जगहों पर अपनाई उक्त मंडी व्यवस्था ने कृषकों को या तो कर्जाई किया या फिर खेती से बाहर धकेलने का कारक बनी, तिस पर नए तरीकों से कृषि को ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का मुख्य कारक बना डाला है। यह विश्वास करना कि वही मंडी व्यवस्था भारत में चमत्कार कर दिखाएगी, एक भ्रम है... वर्ष 2018 में अमेरिकी कृषि विभाग ने हिसाब लगाया था कि कृषि उत्पाद खरीदने को उपभोक्ता द्वारा चुकाए गए प्रत्येक डॉलर में किसान तक पहुंचने वाला हिस्सा गिरकर महज 8 सेंट तक जा पहुंचा है, लिहाजा लगातार उनका वजूद लुप्त होने की तरफ निरंतर अग्रसर है।' देख-परख किया गया विश्लेषण किसी किसान नेता या उनके हमदर्द का न होकर उस विशेषज्ञ का है, जिनका इस विषय वस्तु पर ज्ञान पिछले कुछ दशकों से मान्य है। वैसे भी, किसानों को नए कृषि कानूनों से डर यह है कि कृषि पर सरकार के 'मित्र-कॉर्पोरेट्स' का कब्जा बन जाएगा। जमींदारी व्यवस्था खत्म करने का मकसद खेती पर हावी कुछ सामंती जमींदारों के वर्चस्व को तोड़ना था। उक्त कृषि कानूनों ने भय बनाया कि कहीं किसान फिर से भू-स्वामी से भूमिहीन मजदूर न बन जाए, जो कि घड़ी की सुइयां फिर से पीछे ले जाने जैसा है। जिस तरह की हालत अर्थव्यवस्था की है, करोड़ों की संख्या में किसान बेरोजगारों में शामिल हो जाते, जिससे आगे नशेड़ियों व अपराध की तादाद बढ़ती।

लेकिन क्या सिर्फ कानून वापसी काफी है? किसान यूनियनों से सलाह कर एक ऐसा तंत्र सुनिश्चित किया जाए, जिससे काश्तकार को अपनी उपज कुछ मानकों के आधार पर तय की गई कीमत से कम पर न बेचनी पड़े। यदि कृषक को प्रकृति और मंडी शक्ति की दया पर छोड़ा गया तो उसे संकटों का सामना करना पड़ेगा। चूंकि उसकी उपज जल्द खराब होने वाली जिंस है, इसलिए खरीदारी जल्द से जल्द होने की जरूरत है। उसके उत्पाद बारिश, आंधी-ओले, सूखा, तापमान, प्रदूषण इत्यादि से भी खराब होते हैं। आज मौसम में अप्रत्याशित बदलाव वाले दौर में ये कारक पहले से नाजुक बनी खेती में और जटिलता जोड़ रहे हैं। विकसित देशों को इसका पता है और वे सब्सिडी देकर अपने कृषकों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि यह किसान द्वारा पैदा किया अन्न है जिस पर मानवता जिंदा और पल-बढ़ सकेगी। यह फसल की गुणवत्ता और मात्रा है जो मोटे तौर पर विकसित और गरीब देशों के बीच का फर्क बता देती है।इसके अलावा कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, वरना उन्हें शहरों में छोटे-मोटे काम कर मलिन बस्तियों में सड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। भारत में विविध किस्में उगाने वाले किसानों को संरक्षण मिले, हमारे पास विविधता भरी और जैविक खेती की अमीर विरासत है। आगे के कृषि सुधार कानून या इनके अंतर्गत बनाए जाने वाले नियमों में कृषि यूनियनों से सलाह-मशविरा और क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखें। वहीं अन्य मांगें, जो आंदोलन के दौरान वे उठाते रहे हैं, उन पर विचार कर न्यायोचित हल निकालें।कोविड महामारी से उबरने के दौर में, इस प्रलंयकारी घटना ने बहुत कुछ बदला है, फिर हम मौसम में हो रहे बदलाव वाले दौर से वाकिफ हैं। इस दोहरी मार का असर दुनियाभर के वित्तीय तंत्र पर हो रहा है और मुद्रास्फीति बढ़ी है। वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में भारत की आत्मनिर्भरता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इस वित्तीय उथल-पुथल के राजनीतिक असरात भी हैं। हमारी खेती, जो कि ग्रामीण भारत और देहाती तबके से जुड़ी है, वह देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, यह न सिर्फ हमें खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाती है बल्कि हमें और हमारी औलादों को जीने के लिए जरूरी प्राण-शक्ति व पुष्टता भी प्रदान करती है। इन्हीं ग्रामीणों में से बड़ी संख्या में युवा सेना व अर्धसैनिक बलों में भर्ती होकर देश की रक्षा करते हैं। देश के इस हृदयस्थल में अराजकता बनाकर, हमें जीवनदायिनी पुष्टता से महरूम करना गलती होगी।मैं ऑलीवर गोल्डस्मिथ के शब्दों के साथ आपसे विदा लेता हूं ः 'एक निर्भीक कृषक वर्ग, अपने देश का गौरव/ एक बार तबाह हुआ तो, फिर न उठ पाएगा/ किंतु समय बदला है, व्यापार की निष्ठुर चालें उसके खेत हड़पकर किसान को बेदखल कर रही हैं।

**गुरबचन जगत**
**लेखक मणिपुर के पूर्व राज्यपाल, संघ लोकसेवा अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर में पुलिस महानिदेशक रहे हैं।**

## आप का राशिफल 03 दिसंबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 5666



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5665**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेहत

### कब्ज कई बीमारियों की जड़, दूर करेंगे देसी ये उपाय



गलत खान-पान के कारण कब्ज की समस्या होना आम है। शोध की मानें तो भारत में करीब 20प्रश लोग कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। वैसे तो इसे लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं लेकिन अगर यह समस्या सालों साल बनी रहे तो कोई बीमारियों को जन्म दे सकती है। वहीं, पुरानी कब्ज वजन बढ़ना, पिंपल्स, रिंकल्स, डार्क सर्कल्स का कारण भी बन सकती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आप पुरानी से पुरानी कब्ज की भी छुट्टी कर सकते हैं।

#### सबसे जरूरी बात
कब्ज से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप भोजन के कम से कम 15-20 मिनट बाद एक गिलास पानी पीएं। इसके अलावा दिन की शुरूआत भी 1 गिलास पानी से करें।

#### सलाद खाएं
सिर्फ भोजन के साथ ही नहीं बल्कि दोपहर या शाम के समय 1 बाउल सलाद जरूर खाएं। खासकर सलाद बाउल में मूली जरूर शामिल करें क्योंकि यह पेट साफ करने में मददगार होती है।

#### पपीता
रोजाना कम से कम 250 ग्राम पपीता खाने से भी पेट साफ होता है। पपीते में नींबू व काली मिर्च डालकर खाने से ज्यादा फायदा होगा।

#### सौंफ व मिश्री
भोजन के बाद 1 चम्मच सौंप व मिश्री खाएं और फिर आधे घंटे बाद गुनगुना पानी पी लें। आप चाहे तो इसकी बजाए अजवाइन भी खा सकते हैं। इससे भी पेट साफ रहेगा।

#### अदरक
कच्ची अदरक की जड़ को टुकड़ों में काटकर धीरे-धीरे चबाएं। आप चाहे तो अदरक की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। इससे भी कब्ज की समस्या दूर होगी।

#### घी वाला दूध
एक छोटे कप गर्म दूध में 1 बड़ा चम्मच घी डालकर रात को सोने से पहले पीएं। दूध में हल्दी डालकर पीने से भी कब्ज की समस्या नहीं होगी।

#### गुनगुना नींबू पानी
1 गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस व शहद डालकर दिन में 2 बार पीएं। इससे भी कब्ज की समस्या दूर होगी और वजन भी कम होगा।

#### मुनक्का
6-7 मुनक्का दूध में उबालकर रात को सोने से पहले पीएं। इससे भी कब्ज की समस्या दूर रहेगी।

#### आंवला पाउडर
गर्म दूध या गुनगुने पानी में 1 चम्मच आंवला चूर्ण डालकर भोजन के बाद खाएं। आंवला का चूर्ण कब्ज को जड से मिटा देता है।

#### इन बातों का रखें ध्यान
1. भोजन में फाइबर युक्त फल, सब्जियों , अनाज आदि की मात्रा बढ़ा दें। साथ ही बाहरी जंक फूड्स व अनहैल्दी चीजों से जितना हो सके परहेज रखें।
2. सोने से कम से कम 1-2 घंटे पहले भोजन करें और भोजन के बाद 10-15 मिनट सैर जरूर करें।
3. भोजन के बाद चाय या कॉफी का सेवन न करें और एक घंटे तक कोई फल भी न खाएं।
4. भोजन समय से करें, अधिक देर तक खाली पेट न रहें।

## सूडोकु नवताल- 6184

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 6183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |


## विचार प्रवाह



10 साल के हो जाओ तो मां की उंगली पकड़कर चलना छोड़ दो। 20 साल के हो जाओ तो खिलौनों से खेलना छोड़ दो। 30 सालके हो जाओ तो इधर उधर घुमाना छोड़ दो। 40 साल के हो जाओ तो रात में खाना छोड़ दो। 50 साल के हो जाओ तो होटल में जाना छोड़ दो। 60 साल के हो जाओ तो व्यापार करना छोड़ दो। 70 साल के हो जाओ तो बिस्तर पर सोना छोड़ दो। 80 साल के हो जाओ तो लस्सी पीना छोड़ दो। 90 साल के हो जाओ तो और जीने की आशा छोड़ दो। 100 साल के हो जाओ तो दुनिया को ही छोड़ दो।

**मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज**

## शब्द पहेली - 7231




**बाएँ से दाएँ**

1.शमशीर,कृपाण-4
4.उपद्रवी,आतंकी-4
6.अनुबंध,संधि-3
8.धोखा,छल,मक्कारी-3
9.चांदी-3
11.अश्रु-2
13.नीचता-5
15.कुंजी,जिससे ताला खोलते हैं-2
16.पुराना जुकाम-3
18.प्रश्न-3
19.चांदी-3
20.जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22.बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा,कहासुनी-4
2.संगीत यंत्र-2
3.बहुत बड़ा,विशाल-3
4.अपनत्व,अपनापा-5
5.अनबन,झगड़ा-4
7.कपड़े धोनेवाला-3
10.तहजीबदार-5
12.अकस्मात,सहसा-4
14.दृष्टि,निगाह-3
17.बेमिसाल,अनूठा-4
18.बलवान-3
21.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली -7230 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



shutterstock.com · 1480650899

# ओमिक्रोन ने रोकी राह, चीता आने में होगी देरी

**भोपाल।** चीता परियोजना की राह में फिर अड़चन आ गई है। कोरोना के नए ओमिक्रोन वैरिएंट के कारण ऐनवक्त पर वन अधिकारियों का दक्षिण अफ्रीका का दौरा निरस्त करना पड़ा है। ऐसे में मध्य प्रदेश की धरती पर चीता लाने की कोशिशें फिर पिछड़ गई हैं। अब कोरोना संक्रमण के नियंत्रण होने तक न तो अधिकारी दक्षिण अफ्रीका जा सकेंगे और न ही तकनीकी दल, जिससे अगले साल फरवरी-मार्च में चीता आने की संभावना खत्म हो गई है। अब साल के अंत तक चीता लाए जाने की संभावना है। पिछले दो साल का ट्रेंड देखें, तो कोरोना जनवरी से जून तक प्रभावी रहता है। हाल ही में नया वैरियंट सामने आया है। इसके सबसे ज्यादा मामले अफ्रीका में मिले हैं। इस कारण न तो मध्य प्रदेश के वन अधिकारी अफ्रीका जा सकते हैं और न ही वहां से यहां कोई दल आ सकता है।ऐसे में चीता परियोजना पिछड़ने के पूरे आसार हैं, क्योंकि दोनों देश के अधिकारी जब तक बैठकर तय नहीं करेंगे कि चीता को अफ्रीका से यहां कैसे लाना है। कितने लाना है और उनका उपचार कैसे किया जाता है। तब तक चीता लाने के लिए आगे की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद भारत सरकार ने नवंबर 2020 में चीता लाना तय किया था, जब हालात ठीक हुए, इस दल के साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भी जाने को तैयार हो गए। जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने रोक लगा दी। इसके लिए सूची संशोधित हुई। 28 नवंबर को अधिकारियों का जाना तय हुआ। अधिकारी दिल्ली हवाई अड्डे तक पहुंच भी गए थे कि तब तक अफ्रीका में कोरोना के नए वेरियंट की पुष्टि हो गई और दौरा निरस्त करना पड़ा।

**अफ्रीका की स्थिति सामान्य होने तक किसी को भेजा नहीं जाएगा। स्थिति कब तक ठीक होगी, अभी नहीं कह सकते हैं। तब तक हम अन्य जरूरी बंदोबस्त पूरे करेंगे।**

**- आलोक कुमार, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्य प्रदेश**

# मध्य प्रदेश में 16 लाख लोगों ने लगवाया जिंदगी का टीका

## अब सिर्फ 33 फीसद की दोनों डोज बाकी




**भोपाल।** कोरोना टीकाकरण महाअभियान में बुधवार को प्रदेश में 16 लाख 35 हजार लोगों को टीका लगाया गया है। इसमें करीब 95 फीसद दूसरी डोज लगवाने वाले थे। इसके साथ ही प्रदेश में अब 18 साल से ऊपर की आबादी में 67 फीसद को टीका की दोनों डोज लग चुकी हैं। बाकी 33 फीसद को 26 दिसंबर के पहले टीका लगाने का लक्ष्य है। पहली डोज 93 फीसद लोगों को लग चुकी है। सर्वाधिक लोगों को पहली डोज लगाने के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। यहां पर यह बता दें कि बुधवार को कोरोना टीकाकरण के लिए प्रदेश में कुल 12,160 केंद्र बनाए गए थे। इनमें मोबाइल टीम भी शामिल रहीं। गौरतलब है कि प्रदेश में 18 साल से ऊपर के 5 करोड़ 49 लाख लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जाना है। जो लोग खुद टीका लगवाने के लिए नहीं आ रहे हैं, उन्?हें दस्तक अभियान के तहत उनके घर-घर जाकर टीका लगाया जा रहा है। यही वजह है कि बिना अभियान वाले दिनों में भी प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हो रहा है। उधर, राजधानी भोपाल में बुधवार को टीकाकरण महा-अभियान के तहत 80 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था, लेकिन 58,489 लोग ही टीका लगवाने के लिए आए। लक्ष्य के मुकाबले में जिले में पहली डोज सभी को लग चुकी है, जबकि दूसरी डोज 82 फीसद को ही लगी है। करीब साढ़े तीन लाख लोगों की दूसरी डोज बाकी है।

## पेंशनर्स को लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ी

**भोपाल।** पेंशनर्स के लिए अच्छी खबर- देश के लाखों पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने केंद्रीय पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देते हुए, जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की समयसीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। पहले इसकी आखिरी तारीख 30 नवंबर 2021 थी। बता दें, केंद्र सरकार के हर सेवानिवृत्त कर्मचारी को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है। यानी जिन लोगों ने 30 नवंबर तक जीवन प्रमाण-पत्र दाखिल नहीं किया है, उन्हें पेंशन मिलती रहेगी। जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए बड़ी संख्या में पेंशनभोगी बैंक शाखाओं का दौरा करते हैं।

## पचास हजार करोड़ के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए करार

**इंदौर।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम इंदौर) के रूरल एंगेजमेंट प्रोग्राम (आईईपी) का बुधवार को समापन हुआ। एक सप्ताह के लिए आनलाइन मोड पर प्रोग्राम चलाया। इसके तहत 648 प्रतिभागियों ने मध्य प्रदेश के 52 जिलों में तीस हजार से अधिक ग्रामीणों के साथ बातचीत की। उन्होंने कोरोनाकाल के बाद स्वास्थ्य और स्वच्छता पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक अध्ययन किया। समापन समारोह में आइआइएम इंदौर के साथ पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग (पीआरडीडी) ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत आइआइएम इंदौर प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपये के कारोबार को बढ़ाने में सहयोग देगी। समझौते का उद्देश्य उत्पादों की बिक्री और विपणन के लिए व्यावसायिक केंद्रों के प्रचार, विकास और संचालन में तकनीकी सहयोग प्रदान करना है।

**मुख्यमंत्री कोविड अनुग्रह योजना**





## कोरोना अनुग्रह राशि के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचे आवेदन

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान भोपाल में करीब एक हजार लोगों की मौत इस महामारी से हुई थी। इनके स्वजनों को मुख्यमंत्री कोविड अनुग्रह योजना के तहत सहायता राशि दिया जाना है। इसका गजट नोटिफिकेशन जारी हुए एक सप्ताह का समय ही बीता है और भोपाल में करीब 200 लोग इसके लिए आवेदन कर चुके हैं। इसमें से 57 लोगों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए लाने के लिए ट्रेजरी में बिल भेज दिया गया है। आवेदनों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए अब तहसील कार्यालयों में भी आवेदन लिए जा रहे हैं, जहां से जांच के बाद एसडीएम अपर कलेक्टर को प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे। इसके बाद सहायता राशि स्वीकृत की जाएगी। बता दें कि मृतकों के परिजनों को सरकारी अमला मोबाइल पर काल करके आवेदन मंगा रहा है। 26 नवंबर को 63 और 27 नवंबर को 24 आवेदन मिले थे। वहीं अब तक करीब 200 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। उनसे भी आवेदन मांगें जा रहे हैं, जिनके परिजन की मौत कोविड के चलते हुई हो, लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र में कोविड से मौत दर्ज नहीं है। उनके लिए एसडीएम आफिस में आवेदन लेने की व्यवस्था की गई है। सरकार ने दस्तावेज प्रमाणित करने के अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी को दिए हैं। भोपाल में यह कमेटी 30 दिन में निर्णय करेगी।

### इस क्रम में राशि प्राप्त करने की होगी पात्रता

मृतक की पत्नी/ पति (जैसी भी स्थिति हो) प्रथम हकदार होंगे।यदि पत्नी व पति नहीं है, तो अविवाहित विधिक संतान को पात्रता होगी। यदि संतान नहीं है, तो माता-पिता को राशि दी जाएगी।

# अब लगेगी किसान चौपाल



### पांच हजार स्थानों पर लगेगी चौपाल, कृषि विभाग और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि बताएंगे बीमा कराने के फायदे

**भोपाल ।** किसानों को प्राकृतिक आपदा की स्थिति में फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा अधिक से अधिक कराया जाएगा। इसके लिए सरकार पहली बार मध्य प्रदेश में किसान चौपाल लगाने जा रही है। पांच हजार जगहों पर यह चौपाल लगेगी। इसमें कृषि और फसल बीमा करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधि किसानों को फसल बीमा कराने के फायदे बताएंगे। इस दौरान वे किसान अपने अनुभव भी साझा करेंगे, जिन्हें फसल बीमा का लाभ मिला है। मध्य प्रदेश में रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक होना है। सहकारी बैंकों से अल्पावधि ऋण वाले किसानों का प्रीमियम काटकर बैंक बीमा करा लेते हैं लेकिन अऋणी किसानों की इसमें रुचि कम रहती है। पिछले साल जब खरीफ फसलें अतिवर्षा से प्रभावित हुई थीं, तब सरकार ने केंद्र सरकार की विशेष अनुमति से अभियान चलाकर फसल बीमा कराया था। किसानों से प्रीमियम जमा कराने के लिए रविवार को भी बैंकों की शाखाएं खुलवाई गई थीं। इसका फायदा यह हुआ था कि बीमा कराने वाले किसानों की संख्या 40 लाख तक पहुंच गई थी। इसे देखते हुए अब कृषि विभाग ने तय किया है कि किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए गांवों में चौपाल लगाई जाएंगी। इसके लिए प्रचार रथ भी गांव-गांव भेजे जा रहे हैं।

## खरीफ फसलों का मिलेगा पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक बीमा




कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पिछले खरीफ सीजन में अतिवर्षा से प्रभावित फसलों का बीमा किसानों को जल्द मिलेगा। इसके लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संभावना जताई जा रही है कि पांच हजार करोड़ रुपये तक बीमा किसानों को मिल सकता है। इसके पहले खरीफ 2018 में नौ लाख 51 हजार किसानों को एक हजार 987 करोड़, रबी 2018-19 में दस लाख 42 हजार किसानों को एक हजार 372 करोड़, खरीफ 2019 में 24 लाख 49 हजार किसानों को पांच हजार 799 करोड़ और रबी 2019-20 में 96 हजार 824 किसानों को 53.62 करोड़ रुपये का फसल बीमा मिल चुका है। खरीफ सीजन 2019 में केंद्र सरकार के पोर्टल में प्रविष्टि नहीं हो पाने के कारण दो लाख 64 हजार किसानों को बीमा नहीं मिल पाया था। इसके लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से विशेष अनुरोध करके पोर्टल खुलवाकर प्रविष्टि कराई है। इससे किसानों को 384 करोड़ रुपये का फसल बीमा मिलेगा।

# पत्थरबाजी के आरोपित का मकान तोड़ा



**प्रशासन की सख्ती**

**खंडवा।** पथराव कर आगजनी करने वाले चार बदमाशों के चिहिंत अवैध निर्माण और एक मकान को तोड़ने की जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। निगमकर्मियों ने कहीं पर हथोड़े चलाकर तो कहीं पर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने मकानों पर नोटिस चस्पा कर 48 घंटे का समय दिया था। समयावधि पूरी होने पर प्रशासन की टीम पहुंचने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चिहिंत मकानों को जमींदोज करने की आशंका के चलते प्रभावित परिवार विरोध जताकर कार्रवाई रोकने का प्रयास करने लगें। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की लेकिन मात्र एक मकान को जमींदोज करने के बाद कार्रवाई अवैध निर्माण तोड़ने तक समिट कर रह गई। मंगलवार सुबह भारी पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने घासपुरा क्षेत्र में पहुंच कर चार स्थानों पर कार्रवाई कर बदमाशों के अवैध निर्माण हटाए गए। प्रभावित परिवारों की महिलाओं ने हंगामा मचा कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे उनकी एक नहीं चली। एसडीएम अरविंद चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक ललित गठरे, नगर निगम उपायुक्त प्रदीप जैन और कोतवाली थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन सहित भारी पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अवैध निर्माण तोड़े गए। भगतसिंह चौक पर पथराव का आगजनी करने वालों को सबक सिखाने के लिए जिला प्रशासन ने आरोपितों के अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। दोपहर करीब एक बजे भारी पुलिस बल के साथ राजस्व, नगर निगम और पुलिस अधिकारी टीम के साथ कार्रवाई करने के लिए घासपुरा पहुंचे। इस दौरान अवैध निर्माण में बांधी हुई बकरियों को भी खुलवाकर बाहर करवाया। यहां मौजूद एक युवक कार्रवाई के विरोध में नाराजगी जताने लगा लेकिन पुलिस की सख्ती को देखते हुए वह खामोश हो गया। जेसीबी मशीन की मदद से निगमकर्मी ने अवैध रूप से बनाए गए दो कमरों को तोड़ दिया गया। इस दौरान आदतन बदमाश रफीक टाऊ के घर तरफ जेसीबी मशीन बढ़ने पर महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। उनके विरोध को देखते हुए एसआई परिणिता बेलेकर और अन्य महिला पुलिसकर्मी भी आ गए। उन्होने हंगामा कर रही युवती को पहले तो समझाइश दी। इसके बाद भी जब उसका हंगामा बंद नहीं हुआ तो उसे पकड़कर एक तरफ कर दिया गया। हालांकि जिला प्रशासन ने रफीक टाऊ के मकान को जस की तस छोड़ दिया है। बताया जाता है कि कच्चे मकानों के बीच बने इस मकान को तोड़ने से आसपास के मकानों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा था। इसके लिए सघन बस्ती में बने रफीक टाऊ के मकान को छोड़ दिया गया।

# निजीकरण के विरोध में बैंककर्मी करेंगे दो दिवसीय हड़ताल




**भोपाल।** देश के साथ-साथ प्रदेश में भी बैंक कर्मचारी 16 व 17 दिसंबर को दो दिवसीय हड़ताल करेंगे। इसकी चेतावनी यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन की तरफ से दी गई है। यदि चेतावनी के अनुरूप हड़ताल होती है तो बैंकों में कामकाज प्रभावित होगा और आम उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ सकता है। इससे अरबों रुपये का कारोबार प्रभावित हो सकता है। इस मुहिम में बैंकों से जुड़ी लगभग सभी यूनियनें हिस्सा ले रही हैं। देशभर के करीब 10 लाख बैंक कर्मियों के शामिल होने का दावा किया जा रहा है। यूनाइटेड फोरम के वीके शर्मा और संजीव सबलोक ने बताया कि मप्र में 12 बैंकों की करीब 5000 शाखाएं हैं। इनमें 40 हजार से अधिक अधिकारी, कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। यह दुखद है कि बैंकों के निजीकरण का प्रयास किया जा रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र में बैंकों के निजीकरण बिल पर चर्चा होनी है। इसके लिए निजीकरण बिल सूचीबद्ध किया गया है। इस बात से अधिकारी, कर्मचारियों में आक्रोश है। यदि सार्वजनिक क्षेत्रों की बैंकों को निजी हाथों में दे दिया जाता है तो सबसे अधिक नुकसान आम लोगों का होगा। उनके धन की कितनी गारंटी होगी, यह तय नहीं है। आम उपभोक्ताओं में अनिश्चितता का भाव पैदा होगा। अभी बैंकें सार्वजनिक क्षेत्रों की हैं, जिन पर सीधे सरकार का नियंत्रण हैं। एक तरह से 12 से अधिक बड़ी बैंकें सरकारी बैंकें कहलाती हैं और उनमें सरकार के अधीन ही कामकाज होते हैं। जिन पर उपभोक्ताओं को अटूट विश्वास होता है। निजीकरण करने से इनमें कमी आएगी।

### बैंककर्मियों को यह नुकसान

वीके शर्मा का कहना है कि निजीकरण के कारण बैंकों में पद तेजी से खत्म किए जाएंगे। आउटसोर्स पर काम कराया जाने लगेगा, जिनका वेतन व सुविधाओं के नाम पर शोषण होगा। बेरोजगारी बढ़ेगी। साथ ही मौजूदा समय में काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के भविष्य पर भी खतरा रहेगा। बैंकों को निजी हाथों में देने के बाद अधिकारी, कर्मचारियों को निकाला भी जा सकता है। सुविधाओं में कटौती की जा सकती है।



## विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**भोपाल।** विश्व एड्स दिवस (1 दिसंबर) पर बुधवार को राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग ने एचआइवी/एड्स जागरूकता के लिए रैली निकाली। इसमें स्वास्थ विभाग के कर्मचारी, स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने रबिंद्र भवन से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद रविंद्र भवन में इस बीमारी की जागरूकता को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त आकाश त्रिपाठी, मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना संचालक केडी त्रिपाठी समेत अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि एचआइवी/एड्स छुआछूत की बीमारी नहीं है। मरीजों से भेदभाव नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार यह देखने को मिलता है कि परिवार के लोग ही साथ नहीं देते। यह ठीक नहीं है। इस बीमारी से बचाव ही इसका निदान है। जो लोग संक्रमित हैं, वह भी अपनी दिनचर्या अच्छी रखें। एआरटी केंद्रों से समय-समय पर दवाई लेते रहे तो प्रतिरोधक क्षमता अच्छी रहेगी और सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन जी सकेंगे। इस अवसर पर परियोजना संचालक केडी त्रिपाठी ने एड्स नियंत्रण समिति द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। बता दें कि प्रदेश में अभी तक 73000 एचआइवी मरीज मिल चुके हैं। हर साल जितनी जांचें कराई जाती हैं, उनमें आधे फीसद से भी कम पॉजिटिव मिल रहे हैं, जबकि 2005 में संक्रमण की दर 11 फीसद तक पहुंच चुकी थी।

# यात्री बोला मैं ही क्यों



## कोरोना की नई गाइडलाइन से इंदौर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हंगामा

**इंदौर।** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा देशभर के एयरपोर्ट के लिए जारी की गई नई गाइडलाइन के कारण बुधवार रात देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हंगामा हुआ। दरअसल दुबई से आई उड़ान के दो यात्रियों को जब एयरलाइंस ने नई गाइडलाइन का हवाला देते हुए रैंडम जांच करने के लिए कहा तो यात्रियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना था इस उड़ान में कुल 93 यात्री आए हैं फिर उन दोनों का चयन ही क्यों किया गया है। जानकारी के मुताबिक देर रात 9:00 बजे दुबई से इंदौर आई इस उड़ान के लिए नई गाइडलाइन का पालन हो इसके लिए प्रबंधन ने पहले ही स्वास्थ्य विभाग को सूचना दे दी थी। दो डॉक्टर और चार पैरामेडिकल स्टाफ की टीम एयरपोर्ट पर पहुंच गई थी। सभी यात्रियों की स्क्रीनिंग की गई। गाइडलाइन के अनुसार उड़ान कंपनी ने जब दो यात्रियों का चयन किया और उन्हें नियमों का हवाला देकर स्वयं के खर्च पर आरटीपीसीआर या रैपीड पीसीआर जांच करवाने के लिए कहा तो यात्री बिफर गए। उनका कहना था इतने लोग आए हैं तो सिर्फ हम दो का चयन किस आधार पर किया गया है। उड़ान कंपनी के अधिकारियों ने बताया रैंडमली आप दोनों का चयन किया गया है, लेकिन यात्री मानने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि हम दुबई से निगेटिव रिपोर्ट लेकर आए हैं तो फिर यहां पर जांच करने का क्या मतलब है। काफी देर तक हंगामे के बाद दोनों जांच करने के लिए तैयार हुए और उन्होंने रैपिड पीसीआर जांच करवाई।हालांकि दोनों यात्री निगेटिव निकले। प्रबंधन के सूत्रों का कहना है नई गाइडलाइन में इस जांच का शुल्क यात्री को वहन करना है, जबकि पहले यह हमें वहन करना था। इस कारण लगातार विवाद होने की संभावना बनी रहेगी। उड़ान कंपनी ने भी इस मामले में मुख्यालय स्तर पर शिकायत करने की बात कही है।

**भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष रविन्द्र का अभूतपूर्व स्वागत**

# मेरी युवा टीम प्रदेश में उदाहरण प्रस्तुत करेगी: जिलाध्यक्ष

***युवा मोर्चा के नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष रविन्द्र राठौर का जैतहरी व जिला मुख्यालय में उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रथम नगर आगमन पर रवि ने पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंच कर माँ नर्मदा का आशीर्वाद लिया, काफिले के साथ जिला भाजपा कार्यालय के लिए निकले, जहां अनेक जगहों पर सैकडों कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं सहित फटाखे फोडकर अभिनंदन किया।***

अनूपपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में मिलनसार, हसमुख, निष्ठावान, मेहनती युवा नेता रविन्द्र राठौर उर्फ रवि को चुना गया है। प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने पत्र जारी करते हुए प्रदेश के 6 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है, जिसमें अनूपपुर जिले के लिए जैतहरी के रविन्द्र का नाम शामिल है। गौरतलब हो कि रवि दशकों से पार्टी के लिए एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे है। उनकी ईमानदारी और पार्टी व दाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की गुण को देखते हुए रवि को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के पद से नवाजा गया है। युवा मोर्चा को एक नई दिशा देने में इनका योगदान बखूबी देखा जायेगा, हर कार्यकर्ताओं में रवि नाम सुनते ही खुशी और हर्ष में बदल गई थी, निश्चित ही आगामी क्रियाकलापों में रवि युवा मोर्चा को एक बेहतर प्लेटफार्म देकर दिये गये दायित्वो का निर्वहन करेंगे।

### मॉ नर्मदा से आशीर्वाद लेकर कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र में पहुंचे रविन्द्र राठौर





### मुझे आशीर्वाद और मार्गदर्शन की जरूरत

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों के समक्ष संबोधित करते हुए रविन्द्र ने कहा कि इस तरह से एक जमीनी कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष में नियुक्ति देना यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है, मैं अपनी युवा टीम के साथ ऐसा कार्य करूंगा कि प्रदेश में युवा मोर्चा एक उदाहरण प्रस्तुत कर सके, बस मुझे आप सभी का स्नेह और साथ चाहिए। मैं यह विश्वास दिलादा हूं कि युवा मोर्चा के द्वारा भाजपा पदाधिकारियों के मान-सम्मान में कभी कोई कमी नही आयेगी। मुझे सिर्फ आप सब बडे पदाधिकारियों का आशीवार्द और मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

### सशक्त बनाने में 100 प्रतिशत दूंगा

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज ङ्क्षसह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णदत्त शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश गौतम सहित सभी ने मुझ पर विश्वास किया है, मैं उस विश्वास में खरा उतारूना चाहता हूं, आप सभी जिले के पदाधिकारियों व युवा सार्थियों का साथ चाहता हूं, और युवा टीम को नई दिशा में कार्य करने में अपना 100 प्रतिशत दूंगा, हर युवा का साथ मेरे लिए एक प्रेरणा व ताकत है, जिससे हम सब पार्टी के लिए प्रदेश में एक नया अध्याय लिखेगें।

### 24 घंटे सेवा में रहेगा मेरा जीवन

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि का स्वागत जैतहरी में किया गया, जहां कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पार्टी और युवा साथियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलता रहूंगा, मेरी जरूरद अगर रात-दिन, धूप-छाव, सुख-दुख कभी भी पडी तो मैं सदैव खडा रहूंगा। हर युवा साथी मेरी ताकत है और उनके ताकत के बिना मैं कुछ भी नही हूं, अभी तक मैं एक कार्यकर्ता के रूप में सेवा दे रहा था, अब आपका साथ मिला है तो मैं आपके लिए 24 घंटे सेवा में बिताउंगा। पार्टी और पदाधिकारियों के द्वारा हमे जो भी दायित्व मिलेगा, सबको मिलकर उसका निर्वहन करते हुए युवा शक्ति को एकता में पिरोना है।

### सैकडा कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने किया स्वागत

सभी मोर्चा के नवनियुक्ति पदाधिकारियों के मिलन व सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम व भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष रविन्द्र राठौर का स्वागत और अभिनंदन के लिए जिलेभर के युवा कार्यकर्ता व भाजपा पदाधिकारियों ने की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिद्वार्थ शिव सिंह, भाजपा नेता प्रभात मिश्रा, महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, गजेन्द्र ङ्क्षसह, गयाबोध मिश्रा, छत्तीसगढ राज्य के गौरेला जिला अध्यक्ष बृजलाल राठौर, किसान मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष श्यामनारायण शुक्ला, पिछडा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्ति धमेन्द्र सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्ति अध्यक्ष भारत सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्ति अध्यक्ष लक्ष्मी चौधरी, महिला मोचा की नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष रश्मी खरे, मंडल अध्यक्ष जैतहरी दिनेश सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री लालदास राठौर, भाजपा नेता विजय शुक्ला, मुनीश्वर पांडेय, महिला मोर्चा की रमा मिश्रा वंदना पटेल प्रीति मिश्रा ममता सोनी, गायत्री रायकवार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



# संतजनों ने किया श्रीराम महायज्ञ स्थल का निरीक्षण

**बाबाताल के पास होना है आयोजन**

**सिहोरा।** नगर में आयोजित हो रहे विश्व शांति श्रीराम महायज्ञ को लेकर सिहोरा खितौला के साथ सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों में अपार उत्साह व्याप्त है और हर कोई इस धर्म रूपी गंगा में गोते लगाने आतुर नजर आ रहा है क्योंकि यह हमारे पूर्वें जन्म के पुण्य का ही फल है की हम इस महायज्ञ के साक्षी बनने जा रहे है । महायज्ञ के स्थल का निरीक्षण करने जैसे ही संतजन पहुचे तो लोगो का उत्साह देखते ही बन रहा था सभी ने दोनो महान संतो के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त कर खुद को धन्य किया। संतों की पावन भूमि धर्म नगरी सिहोरा में नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर 7 फरवरी से 14 फरवरी 2022 तक आयोजित होने वाले विश्व शांति श्रीराम महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बुधवार को इटमा धाम के संत श्री श्री 1008 बनवारी दास जी महाराज एंव लोढ़ा सिद्धन धाम के श्री श्री 1008 बाल संत जू महाराज के पावन चरण यज्ञ स्थल की भूमि में पड़े और महाराज श्री ने श्रीराम महायज्ञ की तैयारियों को देखा।आयोजन समिति को निर्देशित किया की समय से पहले यज्ञ स्थल पर सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। विदित हो कि 8 दिसंबर को शिव मंदिर बाबाताल के पास श्रीराम महायज्ञ का भूमिपूजन एवं ध्वजारोहण होगा। इस अवसर पर विधायक प्रणय पांडे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे ,श्याम शुक्ला,अशोक खरे,राजेश चौबे,बिहारी पटेल,राजेश कुररिया,प्रवीण कुररिया, राजामोर,विनय असाटी,अंशू परौहा, राजीव दिक्षित,प्रभात कुररिया,जय सहजवानी, माधव मिश्रा,अरूण जैन,नरेन्द्र त्रिपाठी,सोनू कठल,राजकुमार विश्वकर्मा ,विजय श्रीपाल,अनिल जैन ,राजु गुप्ता,अनुपम सराफ के अलावा अनेक लोग उपस्थित थे ।

# कुंडम में संतों का स्वागत



**कुंडम।** वृंदावन सुदामा कुटी से अमरकंटक जाते समय कुंडम में बाबाओं का भव्य स्वागत कुंडम नगर में 26 नवंबर को वृंदावन सुदामा कुटी से अमरकंटक जा रहे श्रीमद जगद्गुरु नाभा आचार्य श्री सुतीक्षण देवाचार्य महाराज उनके साथ में 25 बाबाओं की टोली जैसे जगन्नाथ दास जी महाराज श्री महंत पुरुषोत्तम दास जी महाराज केशव दास जी महाराज श्री जयराम दास जी महाराज होशियारपुर राम मोहन दास जी महाराज हिमाचल प्रदेश महंत श्री राघव दास जी काशी महंत श्री सियाराम जी दास जी महाराज गुना महंत श्री भोला दास जी महाराज महंत श्री शिव दास जी महाराज रामेश्वर महंत श्री विष्णु मोहन दास जी महाराज पंडोल महंत श्री राम सजीवन दास जी महाराज इन साधु महात्माओं का कुंडम के कुंडेश्वर धाम से बद्री दास जी महाराज के द्वारा एव राधेश्याम साहू राजेश साहू सुशील राय भवानी साहू विजय जयसवाल लकी पहाड़िया मनोज साहू प्रहलाद पंडा दीपक श्रीवास्तव रवि साहू एवं नगर के लोगों द्वारा सुबह 10:00 बजे रेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही बैंड बाजों से कुंडेश्वर धाम तक स्वागत करते ले जाया गया साथ ही रात्रि विश्राम पहाड़िया फार्म हाउस मैं मैं किया गया एवं भोजन प्रसादी दी गई और सुबह उन्हें अमरकंटक के लिए रवाना किया गया।

**सालीवाडा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन**

# हमें अपने आप पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए

गोटेगांव--गोटेगांव समीपी ग्राम सालीवाडा मैं चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा मैं कथा व्यास पंडित कृष्णकांत शास्त्री जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहां की इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत की लीला से हमें सीख मिलती है कि हमें अपने आप पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए हमेशा विनम्र सरल एवं गरीब असहाय लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए आगे उन्होंने कहा कि हमें परिवार में ऐसा माहौल बनाना चाहिए संस्कारों का जिसमें सभी का मान सम्मान हो और दान धर्म मैं बच्चों को भी शामिल करना चाहिए आजकल बच्चों के जिद पूरा करने के लिए माता पिता को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनका बजट और मानसिक संतुलन भी दिनों दिन बढ़ता जा रहा है आजकल मोबाइल इंटरनेट के कारण बच्चे शिक्षा के मामले में और धर्म के मामले में एवं अपनों से बड़ों की इज्जत करना भूल गए ना उनका अभिवादन न चरण स्पर्श करना घर आए मेहमानों का अवेलना करना आम बात हो गई है हमें सीख लेनी चाहिए ताजा उदाहरण अरुणाचल प्रदेश के चौथी कक्षा में पढ़ने वाले अरुणोदय से जिसने कौन बनेगा करोड़पति मैं अमिताभ बच्चन सदी के महानायक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सटीक जवाब देकर ना केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन बल्कि हिमाचल की संस्कृति को भी रोशन किया और अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने जब बच्चे मुलाकात क बच्चे ने मुख्यमंत्री जी के सामने अपने विचार रखे मासूमियत के साथ कहां की ऑनलाइन शिक्षा के लिए ध्यान रखना चाहिए कि बच्चा गेम तो नहीं खेल रहा है उसकी लिखावट में कोई प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है और कोई बच्चे किसी में रुचि है उसका उत्साह वर्धन के लिए कोच जरूरी है और माता पिता का सपोर्ट के साथ-साथ गुरु का भी जरूरी है आगे उन्होंने कहा कि सदी के महान अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अरुणोदय बच्चे का अपने नाम का अर्थ पूछा तो उसने कहा कि सूर्य उदय के समय जो लालिमा होती है उसे अरुणोदय कहा जाता है इससे स्पष्ट होता है कि की बच्ची की बुद्धि और संस्कार दोनों परिवार से ही मिले हैं दोनों जगह पर उसने चरण स्पर्श बड़ों के और सभी को मान सम्मान रखकर किया है ऐसे हमें अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए उनकी गतिविधियों पर और धर्म शिक्षा पर जोर देना चाहिए करो ना कॉल में हम सभी ने वृक्ष की अहमियत ऑक्सीजन सभी को पता है इसलिए जन्मदिन के अवसर पर बच्चों से एवं हम सभी को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए आयोजन समिति ने कथा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है 4 तारीख को गीता पाठ के साथ हवन भंडारा किया जाएगा







# समय सीमा में हो राजस्व मामलों का निराकरण

**सिहोरा।** राजस्व मामलों को तेजी से निपटाने एवं प्रशासनिक कसावट हेतु कलेक्टर जबलपुर ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सिहोरा के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागीय कामकाज में तेजी लाने के साथ ही राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुभाग के विभिन्न राजस्व न्यायालयो मैं लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

### स्वामित्व योजना पर किया फोकस

स्वामित्व योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर जबलपुर में पटवारियों से वन टु वन चर्चा की स्वामित्व योजना की प्रगति पर कई हल्का पर संतोष व्यक्त किया तो कुछ पटवारियों को फटकार भी लगाई।

### समय सीमा में हो निराकरण

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण न होने से कई तरह की परेशानियां बढ़ती जाती है। कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे प्रकरणों का हर हाल में समय-सीमा में निराकरण किया जाना चाहिए।

### धान उपार्जन के एस एम एस भेजे जा चुके हैं

धान उपार्जन केंद्रों का शुभारंभ ना हो पाने से हो रही किसानों की समस्या से अवगत कराने पर जबलपुर कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा उपार्जन की पूरी तैयारी कर ली गई है केंद्रों को बार दाने भेज दिए गए हैं किसानों को एस एम एसभी भेज दिए गए हैं किसान निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी धान उपार्जन हेतु केंद्र पर ले जाए,इस दौरान अपर कलेक्टर विमलेश सिंह एसडीएम सिहोरा आशीष पांडे मौजूद रहे ।

# जागरूकता ही एड्स से बचने का निदान है: डॉ.जैन





**गढ़ाकोटा,।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एड्स दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती एन.पी. कुमार की अध्यक्षता में एड्स की जागरूकता हेतु एड्स के कारण, परिणाम और निदान विषय पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. घनश्याम भारती ने किया । अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए श्रीमती एन. पी. कुमार ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व में एड्स रोग ने लाखों लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है अतः जागरूकता ही इससे बचने का उपाय है। गढ़ाकोटा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर संतोष जैन ने एड्स की जागरूकता हेतु अपने वक्तव्य देते हुए कहा कि एड्स की जागरूकता तथा सावधानी ही इस रोग से बचने का निदान है। युवा स्वयं अपनी इम्यूनिटी पावर बढ़ाकर तथा सावधानी एवं सुरक्षा रखकर लोगों में इस रोग से बचने हेतु जागरूकता फैलाएं। डॉ.सुनील विश्वकर्मा ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि आज संपूर्ण विश्व में एड्स का रोग भयावहता के साथ फैल रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का कर्तव्य है कि स्वयं जागरूक होकर इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करें। कु. आकृति खरे ने कहा कि एड्स रोग से तभी बचा जा सकता है जब हम इसकी जानकारी रखें क्योंकि जानकारी के अभाव में ही लोग इस रोग से संक्रमित हो जाते हैं। एड्स जागरूकता कार्यशाला में डॉ. कल सिंह पटेलिया, हार्दिक जैन तथा मोहित आढ्या ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वंशकार, चक्रवर्ती मोहल्ले में गंदगी का अंबार



कुंडम। नगर में बंशकार एवं चक्रवर्ती मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा है साथ ही पूरी बस्ती का गंदा पानी नाली चौक होने के कारण ऊपर से बह रहा है और निवास तिराहा के पास डमा डम भरा है साथ ही उसी मोहल्ले में आंगनवाड़ी केंद्र है उस केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे उसी गंदगी से होकर आते जाते हैं और पूरा मोहल्ले में गंदा मल मूत्र सडान मारता है आजू बाजू वाले भारी परेशान हैं ग्राम के महेश छोटे करण मुस्की राजू उन्होंने बताया कि एक तो शादी विवाह का सीजन चल रहा है मेहमान घरों में आए हुए हैं गंदगी कीचड़ देखकर परेशान हो रहे हैं आंगनवाड़ी वाली मैडम एवं बाई और ग्राम के पंच सुशील राय ने बताया कि आंगनवाड़ी में बच्चे भी पढ़ते हैं कब कहां इस गंदे मल मूत्र से बीमारी फैले और बच्चे बीमार होने लगे हमने सरपंच एवं सचिव से सफाई के बारे में कहते हैं तो सरपंच सचिव कहते हैं हमें जब टाइम मिलेगा तो सफाई करा देंगे जबकि सरकार हर एक गांव को साफ और सुंदर बनाना चाहती है मगर कुंडम पंचायत सफाई की तरफ एक भी ध्यान नहीं देती है जबकि सफाई कर्मचारी भरपूर हैं मोहल्ले के लोगों ने उच्च अधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई कराई जाए अन्यथा मलेरिया डेंगू फैलने का खतरा बना रहता है।

# जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सैनी का भव्य स्वागत



**सिहोरा।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष आर के सिंह सैनी तथा जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत समारोह सिविल न्यायालय सिहोरा के समीप किया गया। स्वागत समारोह में सिहोरा के वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भी सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने नगर आगमन उपरांत सर्वप्रथम न्यायालय के समीप स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात स्वागत कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट नवल किशोर उपाध्याय ,उमाशंकर चौरसिया, अभय व्यौहार द्वारा सभी अतिथियों को मंचासीन कर पुष्पगुच्छ तथा माला से स्वागत किया गया तथा उन्हें लडडूओं से तौला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि राज्य अधिवक्ता परिषद एवं जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर सिहोरा के प्रत्येक अधिवक्ता गण के सुख दुख में सदैव खड़ा रहेगा सिहोरा बार एवं कोर्ट से संबंधित समस्याओं से अवगत कराए जाने पर उन्होंने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया । कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, एमआई सिद्दीकी, रमेश विश्वकर्मा, रामराज पटेल, सत्य प्रकाश खरे, रमेश पटेल, प्रतिमान जैन, राम गोपाल पटेल, शिवकुमार तिवारी, देवेंद्र, समीर अग्निहोत्री, उमेश तिवारी, संजय सेंगर, साधना जैन, संगीता जैन, संजय जैन, अजय किशोर तिवारी, सौरभ तिवारी, विमलेश जैन,राजभान मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, पी आर पांडे, रमेश मिश्रा, कमलेश सोनी, राजभान मिश्रा,अविनाश अवस्थी,सुमित विश्वकर्मा, राजा पहारिया, सुनील बड़गैया, पुष्पराज अग्रवाल, आलोक व्यौहार, उदय तिवारी ,वीरेंद्र शुक्ला, मनोज दुबे, अभिषेक पाठक ,नितिन शुक्ला, राकेश ठाकुर,राकेश पटेल, गुलशन अहमद कुरेशी,अशोक पटेल, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल, एम ए खान,आनंद पटेल,प्रहलाद पटेल, राजेश साहू, नितेंद्र पांडे, नीरज खम्परिया, राहुल पटेल, अशोक श्रीवास्तव, विनोद पटेल, वरुण तिवारी सहित अनेक अधिवक्ता गण की उपस्थिती उल्लेखनीय रही।

**30 तारीख के परिषद की बैठक में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय**

# नगर में विकास को गति देना मेरा पहला कर्तव्य : मीना कोरी

***नगर को स्वच्छ और सौन्दर्य करना मेरी पहली जिम्मेदारी : उपाध्यक्ष सतीश शर्मा***

**अनूपपुर ।** नगर में इन दिनों कॉलेज में आने जाने वाले छात्रों के लिए और माइनस कपिलधारा से बाजार आने जाने और हॉस्पिटल सुविधा के लिए साथ मे समस्त वार्डो में सुगम तरीके से आवागमन के लिए एक नगर बस की आवश्यकता बनी रहती है साथ ही पेयजल की समुचित व्यवस्था करना प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सुगमता से आवास मिले साथ ही अधूरे पडे कार्यो को पूरा करना

### चुनौती भरा होगा !

अनुपपुर! अनुपपुर जिले के नगर पालिका परिषद बिजुरी जहां लगातार नागरिको की मांग रहती थी कि नगर के लोगो को आवागमन के लिए एक बेहतरीन बस सुविधा उपलब्ध हो जिसको देखते हुए उपाध्यक्ष सतीश शर्मा के मन मे विचार उत्पन्न हुआ कि क्यों न नगर को नगर पालिका परिषद बिजुरी की तरफ नगर बस सेवा शुरू की जाए इसी तारतम्य में आगामी 30 तारीख को परिषद के बैठक में प्रस्ताव भी लाया जाएगा अगर पार्षदों ने कोई आपत्ति नही की तो नगर को एक अच्छी सेवा देने में नपा बिजुरी सफल होगी! आने वाले 30 तारीख को और भी कई मुद्दे में चर्चा होगी जैसे नगर को स्वच्छ रखने के लिए रोड पर कचरा फेकने वालो पर जुर्माना लगाने के लिए भी प्रस्ताव लाया जा सकता है साथ ही अधूरे पडे बहुत से विकास कार्यो को पूरा करने का लक्ष्य भी होगा !

### नगर बस सेवा के लिए 30 को प्रस्ताव

नगर पालिका क्षेत्र बिजुरी के अंतर्गत समस्त वार्डों में आवागमन के लिए हॉस्पिटल कॉलेज बाजार सब्जी लेने के लिए आने-जाने की सुविधा को देखते हुए नगर के नागरिकों की मांग को सामने रखते हुए नगर को एक सुगम व्यवस्था नगर बस सेवा के रूप में दिए जाने हेतु आगामी 30 तारीख को परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा समस्त पार्षदों के सहमति से अगर प्रस्ताव पास होता है तो नगर को एक अच्छी सेवा देने में नपा सफल होगी!

### 14 नंबर पार्क का होगा पुन: सौंदर्यीकरण

नगर पालिका परिषद बिजुरी के द्वारा पूर्व के कार्यकाल में वार्ड क्रमांक 14 में पार्क बनाया गया था जिसकी स्थिति बद से बदतर हो चली है जिसको देखते हुए पार्षद और नागरिकों के लिखित मांग पर वार्ड क्रमांक 14 पर स्थित पार्क उद्यान का बहुत ही बेहतरीन तरीके से सौंदर्यीकरण करके नगर को अच्छी सौगात देने के लिए भी आगामी 30 तारीख की परिषद बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा प्रस्ताव पास होने पर वार्ड क्रमांक 14 पर बने जर्जर पार्क को फिर फिर सौंदर्यीकरण करके नगर को सौंप दिया जाएगा!

नगर पालिका परिषद बिजुरी के अंदर स्वच्छता अभियान को गति देते हुए उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजुरी सतीश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ रखने में एक-एक नागरिक की अहम जिम्मेदारी होती है मेरी आप सभी नगर वासियों से अपील है कि नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें ! व्यक्तिगत मैं इसके लिए तैयार हूं नगर को स्वच्छ रखने के लिए जितना मेरे से बन सकेगा मैं लगाने में कहीं पीछे नहीं हटूंगा बशर्ते कि नगर के विकास में आप सभी सहयोगी बने!

### महत्वपूर्ण निर्माण कार्य होंगे पूरे-सीएमओ

*नगर के अंदर रुके हुए समस्त निर्माण कार्य नाली रोड चबूतरे पंडाल निर्माण कार्य आदि रुके हुए अधूरे कार्य जल्द ही पूरे किए जाएंगे उक्त आशय का विचार नगर पालिका परिषद बिजुरी की मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री मीना कोरी ने व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 7 और 8 के बीचो बीच जर्जर स्थिति के रोड को देखते हुए रोड का टेंडर हो चुका है टेंडर निर्माण एजेंसी को दिया जा चुका है जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा साथ ही नगर पालिका परिषद बिजुरी के द्वारा रेलवे ओवरब्रिज से लेकर वार्ड क्रमांक 8 और नगर के अंतिम छोर पर मुख्य द्वार तक बीआईटी रोड का भी टेंडर निकाला जा चुका है जिसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा नगर के नागरिको द्वारा लगातार मांगों को देखते हुए वार्ड क्रमांक 10 पर स्थित अलीनगर कि जर्जर रोड और नाली को भी जल्द ही परिषद में प्रस्ताव लाकर रोड और नाली का निर्माण किया जाएगा जिससे कि नगर के नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े!*



**कानपुर।** कानपुर में जीत से एक विकेट दूर रह गई टीम इंडिया शुक्रवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे व अंतिम टेस्ट को जीतकर सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से उतरेगी। टी20 सीरीज और पहले टेस्ट में आराम के बाद कप्तान विराट कोहली इस मैच से वापसी करेंगे। दोनों टीमें 33 साल बाद इस स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। दोनों ने यहां दो टेस्ट खेले हैं और एक-एक जीता है। दोनों आखिरी बार 1988 में यहां खेली थी जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को 136 रन से हराया था। इससे पहले 1976 में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने कीवी टीम को 162 रन से मात दी थी।

### कोहली को रास आता है मुंबई

कप्तान विराट कोहली का वानखेड़े स्टेडियम में रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने यहां खेले गए चार मैचों में 72.17 की औसत से 433 रन बनाए हैं। इसमें एक दोहरा शतक (235) और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने दो साल से कोई शतक नहीं जड़ा है। ऐसे में यहां उनके बल्ले से रन बरसने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने पिछला टेस्ट नवंबर में कोलकाता में बांग्लादेश के खिलाफ गुलाबी गेंद से जड़ा था। इसके बाद से वह तीनों प्रारूपों में 50 मुकाबले खेल चुके हैं जिसमें 40.59 की औसत से 1989 रन बनाए हैं। इसमें 20 अर्द्धशतक लगाए हैं पर शतक नहीं लगा पाए।

### अंतिम एकादश को लेकर बढ़ेगी मुश्किल

कोहली की वापसी से टीम मजबूत होगी। साथ ही अंतिम एकादश को लेकर कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ की मुश्किलें भी बढ़ेंगी। पहले मैच में कोहली की जगह खेलने वाले श्रेयस अय्यर ने शतकीय और अर्द्धशतकीय पारियां खेलकर टेस्ट कॅरिअर की शानदार शुरुआत की है। उन्हें बाहर करना आसान नहीं होगा। अब देखना होगा कि कोहली के आने पर टीम प्रबंधन अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा या फिर मयंक अग्रवाल में से किसे बाहर करता है। इन तीनों ने पहले टेस्ट में निराश किया है। रहाणे ने पिछले 16 टेस्ट मैचों में 24.39 की औसत से एक शतक से 683 रन बनाए हैं। वहीं पुजारा ने पिछले 12 मैचों में 30.42 की औसत से 639 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक है।

# 33 साल बाद मुंबई में आमने-सामने होंगे भारत-न्यूजीलैंड

## विराट की कप्तानी में सीरीज जीतने उतरेगी टीम





Junior Hockey World Cup 2021




# भारत ने बेल्जियम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**बेल्जियम के खिलाफ खेले गए इस मैच में भारत के लिए पहला गोल 21वें मिनट में श्रद्धानंद तिवारी ने किया और उन्होंने पहले पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। इस गोल के दम पर भारत की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई।**

**नई दिल्ली।** जूनियर हाकी वर्ल्ड कप 2021 के क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीय टीम का सामना बेल्जियम के साथ हुआ। बेहद रोमांचक इस मैच में भारत ने विरोधी टीम को 1-0 से हरा दिया और सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत से पहले जर्मनी, नीदरलैंड्स व फ्रांस पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके थे। भारत सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी और अब सेमीफाइनल में भारत का सामना जर्मनी के साथ होगा। बेल्जियम के खिलाफ खेले गए इस मैच में भारत के लिए पहला गोल 21वें मिनट में श्रद्धानंद तिवारी ने किया और उन्होंने पहले पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में गोल किया जबकि पहला क्वार्टर 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ था। दूसरे क्वार्टर में गोल करने के बाद भारतीय टीम भी आखिरी तक कोई गोल नहीं कर पाई तो वहीं विरोधी टीम के खाते में एक भी गोल नहीं आ पाया और उसका सफर यहीं पर खत्म हो गया। हालांकि इस मैच के दौरान बेल्जियम को तीन पेनाल्टी कार्नर मिले, लेकिन भारतीय गोल कीपर पवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम का गोल नहीं होने दिया। यही नहीं खेल के आखिरी मिनट में विरोधी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल करने की कोशिश की, लेकिन पवन के आगे उनकी एक नहीं चली और 90 मिनट का खेल खत्म होने के बाद भारत के खाते में जीत आया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा चार दिसंबर को अहमदाबाद के संस्कारधाम स्कूल का दौरा करेंगे। इसी दौरान भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक बड़े मिशन को आगे बढ़ाएंगे। नीरज चोपड़ा पीएम मोदी के मिशन संतुलित भोजन, फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने 16 अगस्त को अपने आवास पर टोक्यो ओलिंपियन के साथ मुलाकात के दौरान भारतीय ओलिंपियन और पैरालिंपियन से अपील की थी कि उनमें से प्रत्येक 2023 में स्वतंत्रता दिवस से पहले 75 स्कूलों का दौरा करें और कुपोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और स्कूली बच्चों के साथ खेलें। इसी वजह से नीरज चोपड़ा इस मिशन के तहत अपने पहले स्कूल में जाएंगे। बुधवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया कि भाला फेंक के खिलाड़ी चोपड़ा प्रधानमंत्री के मिशन की शुरुआत करेंगे। ठाकुर ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे ओलिंपियन और पैरालिंपियन को कहा था कि वे स्कूलों का दौरा करें और छात्रों से संतुलित आहार, फिटनेस, खेल और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करें। चार दिसंबर को नीरज चोपड़ा अहमदाबाद के संस्कारधाम स्कूल में इस मिशन की शुरुआत करेंगे। नीरज चोपड़ा भी इस अभियान को लेकर उत्साहित हैं और उन्होंने कहा है कि मैं इस मिशन का हिस्सा बनकर बेहद गर्वित महसूस कर रहा हूं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और शिक्षा मंत्रालय इसे अगले दो साल में %चैंपियंस से मुलाकात% कार्यक्रम के रूप में चलाने पर काम कर रहे हैं। यह कार्यक्रम %आजादी का अमृत महोत्सव% का हिस्सा होगा जो देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न है। भारत के सात एथलीटों ने टोक्यो ओलिंपिक खेलों में पदक जीता था। नीरज चोपड़ा एकमात्र एथलीट थे, जिन्होंने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया था।

# प्राची सिंह के ग्लैमर के आगे फीकीं हैं बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस



### बोल्डनेस देख हो जाएंगे दीवाने

**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा आज किसी मामले में बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से कम नहीं है। भोजपुरी फिल्में भी आज बिग बजट की हैं। कईफिल्मों की शूटिंग आज विदेशों में की जा रही है। भोजपुरी फिल्मों की तरह ही इनके स्टार्स को भी काफी पसंद किया जाता है। वहीं अगर यहां की एक्ट्रेसेस की बात करें तो हॉटनेस में भोजपुरी एक्ट्रेस बॉलीवुड की हसीनाओं के बराबर की टक्कर देती हैं। एक ऐसी ही एक्ट्रेस हैं प्राची सिंह जिनके ग्लैमर के आगे बॉलीवुड एक्ट्रेसेस फीकी लगती हैं। भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी एक्ट्रेस प्राची सिंह इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। प्राची ने अपने करियर में कई हिट फिल्में की हैं। वह अबतक कई बड़े भोजपुरी स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं। एक्टिंग के साथ प्राची सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन प्राची अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें पोस्ट कर फैंस के होश उड़ाती हैं। प्राची की कोई भी तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती हैं। हाल ही में प्राची सिंह का एक फोटोशूट काफी चर्चा में आया था। इस फोटोशूट का वीडियो प्राची ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था। इस दौरान प्राची ब्लैक जालीदार टॉप में मैचिंग ब्रालेट फ्लॉन्ट करती नजर आईं थीं। प्राची इस वीडियो में बेहद ही बोल्ड नजर आ रही थीं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। इस वीडियो को शेयर करते हुए प्राची ने कैप्शन में लिखा था, %मुझे प्यार करो या मुझसे नफरत करो किसी भी तरह से मैं चमकने वाली हूं।% इस वीडियो को फैंस ने काफी पंसद किया था।

## बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप



# पीवी सिंधू ताइ जू से हो सकती है भिड़ंत

**हुएलवा।** गत चैंपियन पीवी सिंधू को बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में बाई मिली है, लेकिन उन्हें क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलिंपिक की रजत पदक विजेता ताइ जू यिंग और सेमीफाइनल में दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिना मारिन से भिड़ना पड़ सकता है।टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को 12 से 19 दिसंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए छठी वरीयता दी गई है। सिंधू को दूसरे दौर में स्लोवेनिया की मार्टिना रेपिस्का और इंडोनेशिया की रुसेली हर्तावन के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ना होगा। सिंधू अगर तीसरे दौर का मुकाबला जीतने में सफल रहती हैं तो क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत चीनी ताइपे की ताइ जू से हो सकती है जिन्होंने टोक्यो ओलिंपिक के सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। सिंधू अगर ताइ जू को हरा देती है तो सेमीफाइनल में उनका सामना मारिन से हो सकता है जिन्होंने रियो ओलिंपिक 2016 के फाइनल में उन्हें हराया था। पुरुष सिंगल्स में 12वें वरीय किदांबी श्रीकांत अपने अभियान की शुरुआत स्थानीय दावेदार पाब्लो आबियान के खिलाफ करेंगे। उन्हें क्वार्टर फाइनल में हमवतन बी साई प्रणीत से भिड़ना पड़ता सकता है अगर ये दोनों अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहते हैं तो। सेमीफाइनल में इन भारतीय खिलाड़ियों का सामना गत चैंपियन और शीर्ष वरीय केंतो मोमोता से हो सकता है। युवा लक्ष्य सेन को भी श्रीकांत और प्रणीत के हाफ में रखा गया है। वह पहले दौर में जर्मनी के मैक्स वेसकिर्चेन से भिड़ेंगे। लक्ष्य अगर अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहते हैं तो उनकी भिड़ंत मोमोता से हो सकती है। पुरुष डबल्स में सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को आठवीं वरीयता मिली है और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है। तीन अन्य भारतीय जोड़ियां मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी, एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिल तथा अरुण जार्ज और संयम शुक्ला भी भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। महिला डबल्स में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी अपने अभियान की शुरुआत डेलफाइन डेलरुए और लिया पालेर्मो की फ्रांस की जोड़ी के खिलाफ करेंगे। पूजा दांडू और संजना संतोष तथा मनीष के और रुतापर्णा पांडा भी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। मिक्स्ड डबल्स में सौरभ वर्मा और अनुष्का पारिख, एमआर अर्जुन और मनीष के तथा उत्कर्ष आरोड़ा और करिश्मा वाडकर के रूप में तीन भारतीय जोड़ियां कोर्ट पर उतरेंगी।

# प्रो कबड्डी लीग का आठवां सीजन 22 दिसंबर से बेंगलुरु में बिना दर्शकों के खेले जाएंगे मुकाबले



**बेंगलुरु।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का आठवां सत्र 22 दिसंबर से शुरू होगा जो दर्शकों के बिना खेला जाएगा। आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने पहले चार दिन तीन तीन मैचों कराने का फैसला लिया। पीकेएल का आठवां सत्र यू मुंबा और बेंगलुरु बुल्स के मैच से शुरू होगा। इसके बाद तेलुगू टाइटंस का सामना तमिल थलाइवा से होगा। वहीं, यूपी योद्धा की टक्कर गत विजेता बंगाल वारियर्स से होगी। कोरोना महामारी के मद्देनजर बेंगलुरु व्हाइटफील्ड होटल एंड कंवेंशन सेंटर को बायो-बबल (कोरोना से बचाव के लिए खिलाड़ियों के लिए बनाया गया सुरक्षित माहौल) में बदल दिया गया है। 12 टीमें यहीं रहेंगी और खेलेंगी।प्रो कबड्डी लीग के कार्यक्रम जारी होने के बाद वीवी प्रो कबड्डी लीग के कमिश्नर व मशाल स्पोर्ट्स के सीईओ अनुपन गोस्वामी ने कहा कि वीवी प्रो कबड्डी लीग भारत के अपने खेल कबड्डी को फिर से लोकप्रिय और जीवंत बनाने के लि नए प्रारूप के साथ जानी जाती है। हमारा लक्ष्य इस खेल को फिर से एक नई ऊंचाई देने का है साथ ही कबड्डी प्रेमियों के लिए ये एक बड़ी सौगात है जिससे उनका खूब मनोरंजन भी होता है। अनुपम गोस्वामी ने आगे कहा कि इस बार दो हिस्सों में शेड्यूल जारी करने से टीमों को बेहतर रणनीति बनाने में मदद मिलेगी साथ ही साथ इससे हम इस खेल के फैंस के साथ भी ज्यादा वक्त तक जुड़े रहेंगे। ट्रिपल हेडर और ट्रिपल पंगा अधिक फैंस को अपने मनपसंद खिलाड़ियों और टीमों को देखने से ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करेंगे क्योंकि ये सभी टीमें खिताब जीतने के लिए बहुत ही ज्यादा मेहनत करते हैं।

# EOW टीम ने जनपद समन्वयक अफसर के घर में मारी रेड

## 33 साल की नौकरी में 35 लाख बचाए, फिर करोड़ों कहां से आ गए?

**जबलपुर, यशभारत। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू की टीम ने पड़ोसी जिले बालाघाट के जनपद पंचायत खैरलांजी में समन्वय अधिकारी के पद पर पदस्थ रमेश कुमार पटले के घर पर छापा मार कार्रवाई की है। कार्रवाई की खबर से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। अब तक की सर्च कार्रवाई में समन्वय अधिकारी के पास करोड़ों की संपत्ति का पता चला है।**


ईओडल्यू की टीम कार्यवाही करती हुई

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) से मिली जानकारी के अनुसार समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत खैरलांजी जिला बालाघाट में पदस्थ रमेश कुमार पटेल के खिलाफ ईओडब्ल्यू एसपी देवेंद्र प्रताप सिंह राजपूत को भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत मिली थी। उक्त शिकायत की जांच में पाया गया कि रमेश कुमार पटेल 12 अप्रैल 1988 को ग्राम सहायक के पद पर नियुक्त हुए थे एवं तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट के अंतर्गत कार्य कर रहे थे, जो वर्तमान में पदोन्नत होकर समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत खैरलांजी जिला बालाघाट में पदस्थ था। आंकलन के अनुसार रमेश कुमार पटेल को अब तक वेतन की आय से कॉल करीब 35 लाख रुपए की बचत हुई है। इसके विपरीत रमेश कुमार पटेल द्वारा भ्रष्टाचार करते हुए करीब 1 करोड़ 23 लाख रूपए की संपत्ति बना ली गई है। ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने एसपी देवेंद्र प्रताप सिंह राजपूत के निर्देश पर रमेश कुमार पटेल के घर गंगोत्री कॉलोनी 12 सिवनी जिला बालाघाट मैं छापामार कार्यवाही की है। आज सुबह डीएसपी ईओडब्ल्यू मनजीत सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक प्रेरणा पांडे एवं अन्य की टीम आरोपी रमेश के घर पहुंचे और सर्च कार्रवाई शुरू की है। अब तक की कार्रवाई में आरोपी रमेश कुमार पटेल के पास आय से अधिक करोड़ों की संपत्ति का पता चला है। जिस पर आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ द्वारा आरोपी रमेश कुमार पटेल एवं उसकी पत्नी लक्ष्मी पटले के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर सचज़ कार्यवाही को जारी रखा गया है।

### अब तक इतनी संपत्ति का हुआ खुलासा

- वारासिवनी मैं गंगोत्री कॉलोनी में 24 वर्ग फीट मैं निर्मित मकान।
- गंगोत्री कॉलोनी वारासिवनी में पत्नी के नाम 24 वर्ग फीट का एक प्लाट जिसमें कमर्शियल कंपलेक्स बना है।
- गंगोत्री कॉलोनी में पत्नी के नाम 24 वर्गफीट का एक प्लांट
- गंगोत्री कॉलोनी 12 सिवनी में ही पत्नी के नाम 2880 वर्ग फीट का एक और प्लाट।
- ग्राम गर्रा में 15 स्क्वायरफीट का प्लॉट।
- 12 सिवनी में 0.22 हेक्टेयर का प्लाट।
- एक मोटरसाइकिल
- एसबीआई लाइफइंश्योरेंस में 6 लाख, 92 हजार रुपए का निवेश
- सहारा इंडिया में 8 लाख, 65 हजार रुपए का निवेश।

# लोकायुक्त के आरोपी ने प्राचार्यों का लिया इंटरव्यू

## विवादित पूर्व डीईओ को बनाया प्रभारी अधिकारी

**जबलपुर, यशभारत। निजी स्कूलों को टक्कर देने के लिए मप्र सरकार सीएम राइज स्कूल योजना लेकर आई है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इसके लिए शिक्षक और प्राचार्यों की अलग से नियुक्ति हो रही है।**

लेकिन इस प्रक्रिया में उस वक्त सवाल खड़े हो रहे जब लोकायुक्त के आरोपी द्वारा प्राचार्यों का साक्षात्कार लिया गया है। जबकि लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त ने जारी आदेश में स्पष्ट कहा कि कोई शिक्षक-प्राचार्य इस योजना में शामिल नहीं होगा जिन पर लोकायुक्त या फिर गंभीर प्रकरणों की जांच लंबित है।

मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेंद्र दुबे ने सीएम राइज योजना के तहत प्राचार्यों के साक्षात्कार पर सवाल खड़े करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय को शिकायत भेजी है। शिकायत में कहा गया कि संभागीय लोक शिक्षण संचालनालय संयुक्त संचालक राममोहन तिवारी बीते दिनों महिला प्यून से रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त में ट्रेप हुए हैं। बाबजूद सीएम राइज के जिला प्रभारी धीरेंद्र चतुर्वेदी ने लोकायुक्त के आरोपी अधिकारी को साक्षात्कार कमेटी में शामिल कर लिया है।

**मजाक बन गई सीएम राइज स्कूल में शिक्षक-प्राचार्यों की नियुक्ति**

### साक्षात्कार की आड़ में खेल

योगेंद्र दुबे ने शिकायत में कहा कि सीएम राइज स्कूल में प्राचार्यों की नियुक्ति को लेकर खेल हो रहा है। उन प्राचार्यों की नियुक्ति देने की बात हो रही है जो अधिकारियों को अच्छा-खासा पैसा कमा के दे या फिर प्राचार्य कुर्सी के लिए पैसा दें।

जरूरत ही नहीं थी आरोपी को कमेटी में लेने की योगेंद्र दुबे ने कहा कि सीएम राइज योजना मध्यप्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है लेकिन जबलपुर में शुरू होने के पहले इस योजना में भ्रष्टाचार हावी हो रहा है। लोकायुक्त में फंसे संभागीय अधिकारी राममोहन तिवारी को साक्षत्कार कमेटी में लेने की जरूरत नहीं थी लेकिन भोपाल के अधिकारियों ने जानबूझकर आरोपी को कमेटी में शामिल किया।

### प्रभारी अधिकारी भी विवादों में रहे

योगेंद्र दुबे ने कहा कि सीएम राइज के जबलपुर प्रभारी धीरेंद्र चतुर्वेदी इससे पहले साल 2004 से लेकर 2006 तक जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी रहे चुकें है। इस दौरान उन पर कई तरह के आरोप लगे। श्री चतुर्वेदी के जिला शिक्षा अधिकारी रहते हुए इन पर आरोप लगे थे कि 9वीं-11वीं परीक्षा के पेपर आऊट कर दिए गए जिसमें भारी बवाल मचा था जिसकी जांच आज तक लंबित है वहीं कुछ शिक्षकों को निलंबित कर दोबारा बहाल किए जाने का मामला भी तूल पकड़ा था।

### कलेक्टर प्रतिनिधि होना जरूरी था

योगेंद्र दुबे ने सीएम राइज साक्षत्कार टीम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग की प्रत्येक गतिविधियों में कलेक्टर या फिर उनके प्रतिनिधियों को शामिल किया जाता है लेकिन सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत प्राचार्यों के इंटरव्यू हो गए परंतु कलेक्टर प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी आड़ में सिर्फ खाईबाजी की गई है।

# व्ही एफ जे यूनियन प्रतिनिधि ने कहा सेवनिवृत्तों को बुलाओ

## सोसायटी के निजी कर्मचारियों को नही मिला प्रवेश

**जबलपुर यशभारत।** व्हीकल फैक्टरी को आपरेटिव सोसायटी में कार्य के लिए नियुक्त किये गए निजी कर्मचारियों को यूनियनों की शिकायत पर प्रबंधन ने निर्माणी मे प्रवेश नहीं दिया।यूनियन प्रतिनिधियों का कहना था कि भर्ती प्रक्रिया के चलते हो रही देरी को देखते हुए सोसायटी प्रबंध समिति ने सोसायटी से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को संविदा के आधार पर नियुक्ति का जो संकल्प पारित किया था उस पर नयी प्रबंध समिति के बनने तक अमल किया जाए।उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रबंध समिति ने भर्ती प्रक्रिया कर चार कर्मचारियों को नियुक्ति दी थी।लेकिन वहां पदस्थ चपरासी राजकुमार की बेटी परीक्षा में फैल हो गई थी।जिस पर उसने पिता के माध्यम से सहकारिता विभाग में शिकायत कर परीक्षा रद्द करा दी थी।लेकिन अब जब कर्मचारी कम हो गए तो चपरासी की बेटी को पीछे के दरवाजे से निजी कंपनी के माध्यम से नियुक्ति दे दी गई। बताया जाता है कि सोसायटी में होने वाले पंच वर्षीय चुनाव 13.माह से टाले जा रहे हैं।सोसायटी की ओर से जनवरी2021 मे इसका प्रस्ताव सहकारिता विभाग को भेजा जा चुका है।लेकिन सहकारिता विभाग का कहना है कि इसकी अनुमति चुनाव आयोग से लेना होगी।चूंकि सहकारिता विभाग चुनाव आयोग को स्मरण पत्र नहीं भेज सकता है।लिहाजा कर्मचारियों की यूनियनों के प्रतिनिधि भोपाल जाकर स्थिति स्पष्ट करते हुए जल्द चुनाव कराने की अपील करेंगे।

### जिसने परीक्षा रद्द कराई उसे ही भर्ती कर लिया

जबलपुर यशभारत। इन दिनों व्हीकल फैक्टरी सोसायटी में बड़ा गड़बड़ झाला चल रहा है।जब अधिकार संपन्न प्रबंधन समिति नहीं है तो कैसे सोसायटी में चार कर्मचारियों की भर्ती कर ली गई।यह बात न तो वहां की यूनियनों को समझ में आ रही है और न अंशधारकों के गले उतर रही है।वर्तमान में प्रबंध समिति न होने से वहां पर सहकारिता विभाग की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त है।आश्चर्य की बात है कि पर्यवेक्षक भी यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष यह स्वीकार कर चुके हैं कि उन्हें किसी कर्मचारी को भर्ती और नियुक्ति का अधिकार नहीं है फिर चार कर्मचारियों को एडहॉक आधार पर पर कैसे नियुक्त कर दिया यह किसी के गले नहीं उतर रहा है।नियुक्तियों के मामले में इतने मोड़ है कि सब चकरा रहे हैं।लेकिन इसमें पूरा खेल सहकारिता विभाग के बड़े अधिकारियों के द्वारा खेला जा रहा है।जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ साल पूर्व प्रबंध समिति ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर परीक्षा आयोजित की थी।इसमें सोसायटी के चपरासी राजकुमार यादव की बेटी ने भी परीक्षा दी थी।परीक्षा में सफल नहीं होने से उसकी बेटी ने अपने पिता के माध्यम से सहकारिता विभाग में शिकायत कर येनकेन प्रकारेण उस भर्ती परीक्षा को रद्द करवा दिया।इसके बाद प्रबंध समिति का कार्यकाल पूरा होने पर वहां सहकारिता विभाग ने सोसायटी संचालन के लिए अपना नुमाइंदा बैठा दिया।कायदे से सहकारिता विभाग के पर्यवेक्षक को वहां अक्टूबर2020 में कार्यकाल समाप्त होने पर चुनाव करा लेना चाहिए था। जबकि सोसायटी के मेनेजर ने जनवरी2021में पूरा कार्यक्रम तय कर सहकारिता विभाग को भेज दिया था।लेकिन सहकारिता विभाग के अधिकारियों को चुनाव में रुचि नहीं नहीं।और उन्होंने एडहॉक भर्ती के नाम पर सोसायटी के चपरासी की बेटी को भर्ती कर लिया जो भर्ती परीक्षा में फेल हो गई थी।

**व्ही एफ जे सोसा. में प्रबंध समिति नहीं तो नियुक्ति कैसे**

# खमरिया में शराब बनाकर रांझी में कर रहा था सप्लाई, युवक गिरतार

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी की मुस्तैद पुलिस ने खमरिया के शराब तस्कर को दबोचकर पांच लीटर मदिरा जब्त की है। तस्कर यहां मेन रोड पर खड़े होकर खुलेआम शराब बेंच रहा था। गश्त के दौरान पुलिस ने जैसे ही आरोपी को देखा तो वह भागने लगा। जिसके बाद घराबंदी कर आरोपी को दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि रांझी के मोहनिया में करन चौधरी अवैध शराब बेंच रहा था।

# मझौली में विधवा से दुराचार

## शादी करने की बात आई तो मुकरा युवक, थाने में एफआईआर

**जबलपुर, यशभारत।** मझौली थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ क्षेत्र के ही व्यक्ति ने रेप कर दिया। करीब 15 साल तक वह विधवा महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। अब शादी करने से इंकार कर रहा है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर रेप का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



मझौली पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी 47 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति की करीब 20 साल पहले मृत्यु हो गई है। इसके बाद क्षेत्र में ही रहने वाले सेख रज्जाक का उसके घर आना जाना लगा रहता था। करीब 15 साल पहले शेख रज्जाक ने जबरजस्ती उसके साथ रेप कर दिया और शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला लिया। जिस कारण उसने किसी से कुछ नहीं बताया। तब से लेकर अब तक शेख रज्जाक द्वारा उसका शारीरिक शोषण किया जा रहा है।

महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो शेख रज्जाक ने धमकी देते हुए शादी करने से इनकार कर दिया।जिसके बाद महिला ने कल मझौली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मझौली टीआई सज्जन सिंह ने बताया कि महिला की रिपोर्ट पर आरोपी शेख रज्जाक के खिलाफरेप का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है, जल्दी आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# बेलगाम ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा

## एक की मौत, दूसरा घायल

**जबलपुर, यशभारत।** शहपुरा में विवाह के लिए रिश्ते देखने जा रहे बाइक सवारों को आईशर ट्रक ने ग्राम उमरिया में रौंद दिया। जिसमें एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गयी तो वहीं दूसरा बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार ग्राम उमरिया मेन रोड में एक्सीडेण्ट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को एक एक्सीडेण्ट मे घायल व्यक्ति का शव पड़ा मिला, शव को शासकीय अस्पताल नटवारा लाया गया जहां राहुल सिंह ठाकुर 24 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया बेलखेड़ा ने मृतक की शिनाख्त अपने पिता तरबर सिंह गौंड़ 45 वर्ष के रूप मे करते हुये बताया कि उसके पिता तरबर सिंह गोड़ अपने भनेज दुर्गेश सिंह गोंड़ की बाइक से जबलपुर की ओर शादी विवाह हेतु रिश्ते देखने जा रहे थे। ग्राम उमरिया में आईसर ट्रक क्रमांक एमपी 13 जीए 9983 के चालक ने उसके पिता की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता एवं दुर्गेश दोनों गिर गये । उसके पिता ट्रक के सामने के टायर में फंसकर घिसट गये। जिससे सीने में चोट आई। पीड़ित ने बताया कि पिता की मौके पर मृत्यु हो गई है। दुर्गेश भी बुरी तरह घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# बाइक पर चढ़ा ट्रक दो घायल , मचा हंगामा

## वाहन छोड़कर भागा आरोपी पुलिस जांच जारी

जबलपुर, यशभारत। बेलबाग थाना अंतर्गत दंगल मैदासन बड़ी टकी के पास बुधवार की दरमियानी रात बाइक सवारों पर बेलगाम ट्रक चालक ने वाहन का पहिया चढ़ा दिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के दौरान वाहन चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला कायम कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दबंग मैदान में ट्रक चालक ने बाइक सवार सतीश लासेधी और देवेश यादव पर ट्रक का पहिया चढ़ा दिया। जिससे दोनों घायल है। दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। आरोपी वाहन चालक फरार है। पुलिस ने वाहन को थाने में खड़ा कर, चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# बेलखेड़ा में झोपड़ी बना रहे मजदूर की नृशंस हत्या

## जमीन का था विवाद, दबंगों ने छुपकर किए दनादन वार, इलाज के दौरान मजदूर ने तोड़ा दम

## फरसे से वार कर उतारा मौत के घाट

**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत खेत में झोपड़ी बना रहे मजदूर के परिवार पर जमीन विवाद को लेकर तलवार और फरसे से हुए हमले में आज गुरुवार को अलसुबह, इलाज के दौरान अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरफ फैली, जिसके बाद सनसनी का माहौल है। तो वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार बलराम गौड़ निवासी ग्राम मैली ने बताया कि 20 नवम्बर 2021 को वह अपने पिता मुन्ना गौड़, 57 साल मां रोहनी बाई के साथ खेत में झोपड़ी बना रहा था। तभी यहां पहले से छुपे हुए गांव के ही खिल्लू गौंड, हांकिम सिंह, पंचम सिंह ने अपने तीन साथियों के साथ तलवार और फरार से दनादन वार कर लहूलुहान कर दिया।


जीवित अवस्था का चित्र

### नहीं समझ पाए हो क्या रहा है

पीड़िता बलराम गौड़ ने बताया कि एकायक दबंगों ने हथियारों के साथ दनादन वार कर दिया। जिसके बाद कुछ समझ ही नहीं आ रहा था, वह झोपड़ी बनाने में लगे थे, इस कारण उनके पास हथियार नहीं थे। जिसके बाद वह भाग रहे थे और दबंग हथियारों से लैस होकर उनपर वार कर रहे थे। जिसके में उनके पिता मुन्ना गौड़ को सिर में सीधे फरसे से वार किया गया। जिससे वह अचेत हो, वहीं गिर पड़े। यह देख दबंग वहां से फरार हो गए।

### छिन गया पिता का साया

पीड़ित ने बताया कि पुराना जमीनी विवाद था, पिता मुन्ना गौड़ अपनी भूमि पर ही झोपड़ी बना रहे थे। लेकिन गांव के ही दबंग उनका लगातार विरोध कर रहे थे। वह कच्ची झोपड़ी बना रहे थे, ताकी किसी को कोई आपत्ति ना हो। लेकिन यह भी आरोपियों को रास नहीं आया और उन्होंने फरसे से वार कर, पिता को मौत के घाट उतार दिया।

### मेडिकल में था भर्ती

एसडीओपी देवी सिंह ने बताया कि 20 नवम्बर 2021 को हुए झगड़े के बाद मुन्ना गौड़ को मेडिकल में भर्ती किया गया था। करीब 11 दिन तक चले इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मामले में करीब छः आरोपी है। जिनकी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

# जन्मदिन मनाने जा रहे छात्र से दोस्त ने की चाकूबाजी

## पैसों की डिमांड पूरी ना होने पर दिया वारदात को अंजाम

जबलपुर, यशभारत। गढ़ा में जन्मदिवस मनाने स्कूल से जा रहे एक नाबालिग छात्र के साथ तीन दोस्तों ने पैसों की डिमांड करते हुए जमकर मारपीट की। जब उसने विरोध किया तो चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



जानकारी अनुसार नाबालिग निवासी तकिया मोहल्ला गढ़ा ने बताया कि वह हितकारिणी स्कूल में कक्षा 11 वीं में पढ़ाई करता है । उसका जन्मदिन था , जिसके बाद उसने स्कूल की छुट्टी होने पर स्कूल के बाहर खड़ा था । उसी समय स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 12 वीं के देवांश तिवारी अपने 2 दोस्तों के साथ आया और पुराने विवाद पर गाली देने लगा और शराब पीने के लिये रूपये की मांग करने लगा। उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों मारपीट करने लगे। जब उसने विरोध किया तो चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए।

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

लक्ष्मी एपोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एपोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एपोरियम
लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा लाथ, वाल पेपर मिंक कबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )